
हरिभूमि
# रायपुर भूमि


# शाम होते ही चली आंधी, कई इलाकों में छींटे पड़े, भीषण गर्मी से अभी थोड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नमीयुक्त हवा के प्रवेश सहित अन्य मौसम तंत्रिका के प्रभाव से शुक्रवार शाम आधे घंटे तक जोर की आंधी चली। तेज हवा के बीच कुछ दूर तक बारिश के छींटे पड़े और मौसम शांत हो गया। मौसम में आने वाले लगातार बदलाव की वजह से अभी राजधानी समेत प्रदेश में भीषण गर्मी से राहत का दौर चल रहा है। राज्य का अधिकतम तापमान 41 से 42 डिग्री के आसपास ही दर्ज किया जा रहा है। विभिन्न सिस्टम के सक्रिय रहने की वजह से अभी तेज गर्मी नहीं रहने की उम्मीद है। प्रदेश में अप्रैल के महीने में भारी गर्मी पड़ी, इस दौरान राज्य का ▶▶|शेष पेज 13 पर

### 41-42 डिग्री के इर्द-गिर्द घूम रहा तापमान



### अभी सक्रिय सिस्टम

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी एक पश्चिमी विक्षोभ, तीन द्रोणिका सक्रिय है। इसके असर से शनिवार को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। शुक्रवार को राज्य में सबसे ज्यादा तापमान राजनांदगांव का 41.0, रायपुर का 39.4, माना 39.0, बिलासपुर का 37.4, पेंड्रा 34.7, अंबिकापुर 34.8, जगदलपुर 36.8, दुर्ग 39.2 तथ राजनांदगांव का 41.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# जेसीबी से तोड़ रहे थे स्कूल की दीवार, तीन बच्चियां घायल, पैर-कमर में चोट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान तीन मासूम बच्चियां घायल हो गई हैं। सभी का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। इनमें से एक बच्ची का पैर टूटकर लटकने लगा, जबकि एक की कमर में गंभीर चोट आई है। वहीं एक बच्ची बेहोश हो गई थी, जिसे उपचार के दौरान होश आया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आमानाका थाने के अंतर्गत आने वाले सिंघानिया ▶▶|शेष पेज 13 पर

### संज्ञान में नहीं

मामला अभी जानकारी में नहीं है। पूरा मामला ज्ञात करने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
- **हिमांशु भारतीय**, जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

### वैधानिक कार्रवाई

मामला संज्ञान में आया है। जांच के बाद उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।
- **राहुल देव शर्मा**, एडीसीपी, पश्चिम

### जानकारी नहीं

मुझे केवल अकादमिक मामलों की जानकारी होती है। यह प्रबंधन से जुड़ा मामला है। वे ही आपको विस्तार से बता पाएंगे।
- **श्री चतुर्वेदी**, प्राचार्य, सीपीएस विद्यालय

*रायपुर और बिरगांव की राशन दुकानों में यहां से होती है सप्लाई*

# जिस गोदाम में करोड़ों रुपए का चावल वहां बरसों से सीसीटीवी कैमरे खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद स्थित छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के गोदाम में पिछले कई वर्षों से सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हुए हैं। इन कैमरों को ठीक करने या नए कैमरे लगाने के लिए इतने वर्षों में कोई पहल नहीं की गई है, जबकि इस गोदाम से रायपुर एवं बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में संचालित सहकारी उचित मूल्य की दुकानों में चावल की सप्लाई की जाती है। देखा जाए तो इस गोदाम में करोड़ों रुपए के चावल का स्टॉक रहता है। इसके बाद चावल की सुरक्षा तथा किसी प्रकार ▶▶|शेष पेज 13 पर

### कैमरों से निगरानी नहीं, इसलिए गड़बड़ी की ज्यादा आशंका

उपार्जन केंद्रों से धान के उठाव के बाद राइस मिलर्स धान कस्टम मिलिंग के बाद चावल गोदामों में भेजते हैं। गोदामों में चावल का भंडारण होने के बाद यहां उचित मूल्य की दुकानों में सप्लाई की जाती है। पड़ताल से पता चला कि गोदाम में हर दिन राइस मिल से चावल से भरे कितने वाहन आ रहे हैं, उसमें कितना चावल भरा हुआ है तथा डीआई कटने के बाद चावल से भरी कितनी गाड़ी उचित मूल्य दुकानों में भेजी जा रही है, इसकी ▶▶|शेष पेज 13 पर



### ♦ जिले में 9 गोदाम, 3 रायपुर में

रायपुर जिले में नागरिक आपूर्ति निगम के 9 गोदाम हैं। इनमें मंदिर हसौद, गुढ़ियारी, भनपुरी, धरसींवा, अभनपुर, आरंग, खरोरा, तिल्दा-नेवरा, गोबरा नवापारा शामिल हैं। इन गोदामों में मंदिर हसौद, गुढ़ियारी एवं भनपुरी से चावल, शक्कर एवं नमक की सप्लाई राजधानी एवं बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में संचालित 296 उचित मूल्य की दुकानों में की जाती है।

### जानकारी मुख्यालय को दी जा चुकी

सभी कैमरे खराब हैं, इसकी जानकारी पहले ही मुख्यालय में दी जा चुकी है। कुछेक कैमरे तो वाहन की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कब तक कैमरे ठीक होंगे, इसका जवाब मुख्यालय से ही मिल पाएगा।
- **प्रियंका जैन**, तकनीकी प्रभारी गोदाम, नागरिक आपूर्ति मंदिर हसौद

### सुरक्षा के लिए गार्ड तैनात

सभी कैमरे खराब हैं। गोदाम में सुरक्षा के लिए गार्ड तैनात है, जो आने-जाने वाली गाड़ियों की एंट्री करता है, इसलिए गड़बड़ी की संभावना कम है।
- **संगीता सिंह**, गोदाम प्रभारी मंदिर हसौद

### ठीक कराने या नए लगवाने कहा है

सभी कैमरे खराब हैं। इसे जल्द से जल्द ठीक कराने या नए लगवाने के लिए कहा है। अभी तक किसी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली है।
- **भूपेंद्र मिश्रा**, खाद्य नियंत्रक रायपुर









**खबर संक्षेप**

## दुष्कर्म के आरोपी को सख्त सजा देने की मांग



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा ब्लॉक के ग्राम बहेसर में 6 साल की मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म मामले को लेकर अब आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जिला पंचायत रायपुर की सभापति और महिला एवं बाल विकास विभाग की सदस्य श्रीमती शैल महेंद्र साहू सहित साहू समाज तिल्दा ने आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग तेज कर दी है। समाज ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन के साथ मंत्री टंक राम वर्मा के कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस संबंध में पूर्व में ज्ञापन सौंपकर आरोपी को जल्द से जल्द फांसी की सजा देने की मांग की गई थी। समाज का कहना है कि क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री श्री टंक राम वर्मा से गुहार लगाने के बाद भी अब तक कोई कड़ा फैसला सामने नहीं आया है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। श्रीमती साहू ने कहा कि मासूम बच्ची के साथ हुई यह घटना पूरे समाज को झकझोर देने वाली है और आरोपी को कठोरतम सजा मिलनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर की गई कार्यशाला

**अभनपुर।** शासकीय काव्योपाध्याय हीरालाल महाविद्यालय अभनपुर में आइक्यूएसी प्रकोष्ठ द्वारा रोल ऑफ आईपीआर इन रिसर्च एंड डेवलपमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. अमित दुबे ने पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क सहित विभिन्न बौद्धिक संपदा अधिकारों की उपयोगिता एवं महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में शैक्षणिक स्टाफ एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने भाग लेकर शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में आईपीआर की भूमिका को समझा। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों के ज्ञान में वृद्धि करना और शोध के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

## मनवा कुर्मी समाज की बैठक में आज समाजिक मुद्दों की सुनवाई

**तरपोंगी।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धरसीवां राज कार्यकारिणी की बैठक 9 मई को सुबह 10 बजे स्व बेनीराम हनुमन्ता भवन धरसींवा में रखा गया है। उक्त बैठक की अध्यक्षता राजप्रधान नीलमणि परगनिहा करेंगे। प्राप्त आवेदनों की सुनवाई सामाजिक संविधान के अनुकूल किया जाएगा। राजमंत्री धर्मेंद्र वर्मा ने जानकारी दिया है कि इस बैठक में अनिवार्य सदस्यता शुल्क की राशि जमा किया जाएगा। जिसके लिए क्षेत्रप्रधानों,ग्राम प्रमुखों को विशेष रूप से अपील किया गया है। महासभा में पारित प्रस्ताव अनुसार केंद्रीय सदन द्वारा छत्तीसगढ़ में मनवा कुर्मियों की संख्यात्मक एवं पारिवारिक पृष्ठ भूमि की जानकारी हेतु एक सर्वेक्षण प्रपत्र जारी किया गया है। जिसे धरसींवा राज के प्रत्येक ग्रामों को वितरित किया गया है, ग्राम प्रमुखों के माध्यम से उक्त प्रपत्र का बैठक में संग्रहण किया जाएगा।राजप्रधान नीलमणि परगनिहा ने बताया है कि दसवीं और बारहवीं में उत्तीर्ण प्रतिभावान छात्र छात्राओं का चिन्हांकन करने अपील किया गया है।

# शीतल पेय, नारियल पानी के साथ चूहे शराब भी गटक रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा में इन दिनों चूहों का आतंक कहे या फिर उनकी मौज-मस्ती क्योंकि यहां चूहे अब सिर्फ अनाज नहीं, बल्कि ठंडे पेय पदार्थों पर भी हाथ साफ कर रहे हैं। गर्मी से इंसान परेशान है। तो चूहे भी खुद को ठंडा रखने के लिए मिरिंडा, फ्रूटी, माजा और नारियल पानी का मजा तो ले ही रहे हैं। यहां तक कि शराब की भी चुस्की ले रहे हैं। उनकी इस “मौज-मस्ती” से दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

तिल्दा के दुकानदार इन दिनों चूहों की करतूत से खासे परेशान हैं। गर्मी बढ़ने के साथ चूहों ने दुकानों और गोदामों में रखी ठंडी पेय पदार्थों की बोतलों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। मिरिंडा, फ्रूटी, माजा और अन्य कोल्ड ड्रिंक्स की प्लास्टिक बोतलों को चूहे रातभर में कुतर देते हैं, जिससे पूरी बोतल खाली हो जाती है।

### तिल्दा में चूहों की 'समर पार्टी' से व्यापारी परेशान



### व्यापारीयों को नुकसान

इतना ही नहीं। नारियल के गोदाम भी इन चूहों से सुरक्षित नहीं हैं। नारियल के गोदामों में भी चूहों ने कब्जा जमा रखा है। दुकानदार बताते हैं कि दुकानदार बताते हैं कि चूहे नारियलों के बीच में बैठकर ठंडक महसूस करते हैं और फिर नारियल की “आंख” वाले हिस्से को कुतर देते हैं। इसके बाद वे आसानी से नारियल का पानी पी जाते हैं। पानी निकल जाने के बाद नारियल सुखाकर जल्दी खराब होने लगता है, जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। किराना के थोक व्यापारी राकेश पंजवानी ने बताया कि चूहों से सिर्फ कोल्ड ड्रिंक वाले ही नहीं हम भी परेशान हैं। उनका कहना कि चूहे खाते कम है. नुकसान ज्यादा करते हैं. उन्होंने पता कि एक नारियल 25 का आता है नारियल की आंखों के सामने पहले बूच को फिर आंखों को कुतर देते हैं. जिससे नारियल का पानी खाली हो जाता है या सुख जाता है उसके बाद नारियल को देखकर लोग खंडित मानते हैं मौजूद यदि जल्दी नहीं बिका तो वह खराब हो जाता है।

दुकानदारों का कहना है कि चूहे कोलड्रिंक पीते कम हैं, लेकिन नुकसान ज्यादा करते हैं।क्यों जहा से वो बोतल को कुतरते है छेद हो जाने से पूरी बोतल बहाकर खली हो जाती है ।व्यापारियों के अनुसार एक कोल्ड ड्रिंक की बोतल में मुश्किल से 10 से 12 रुपए का मुनाफा होता है, लेकिन यदि चूहा एक-दो बोतल खराब कर दे तो पूरी पेटी की कमाई खत्म हो जाती है। यही वजह है कि अब कई दुकानदार ठंडे पेय पदार्थों को अलमारी में बंद करके रखने को मजबूर हैं। डेलीनीड़्स दुकानदार होला कृपलानी , राम वाधवानी जटूराम मॉडले ने बताया कि इन नो वे चूहो से काफी परेशान है। पहले सिर्फ चूहे अनाज और और कुछ कहते थे लेकिन अब तो कोल्ड ड्रिंक नारियल पानी पीने के आदी हो गए हैं. दिन को चूहे दुबके रहते हैं। लेकिन दुकान का शटर नीचे और लाइट बंद करने के बाद ये अंधेरे में सक्रिय हो जाते हैं और दुकान में रखी कोल्ड ड्रिंक की बोतलों को कुतरने लगते हैं। पूरा माल खराब हो जाता है। जिससे नुकसान बहुत हो रहा है।

### माइनिंग विभाग की संयुक्त टीम ने दो हाइवा व एक जेसीबी किया जब्त

# मुरुम के अवैध खनन में संलिप्त वाहनों की जब्ती के बाद भी खुदाई कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी

मंदिर हसौद क्षेत्र में लगातार जारी अवैध मुरम खनन के खिलाफ प्रशासन ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए देव ट्रेडर्स की दो हाईवा ट्रक और एक जेसीबी मशीन जब्त की। तहसीलदार विनोद साहू के नेतृत्व में माइनिंग विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई कर जब्त वाहनों को मंदिर हसौद थाना परिसर में खड़ा कराया तथा आगे की कार्रवाई के लिए माइनिंग विभाग को सौंप दिया गया। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि देव ट्रेडर्स के संचालक बलवंत उर्फ युगलकिशोर यादव लंबे समय से निषिद्ध एवं शासकीय क्षेत्रों में अवैध मुरम उत्खनन कर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सरकारी जमीन, तालाब, नहर, मुक्तिधाम, मंदिर परिसर, नर्सरी और निजी खेतों तक को नहीं छोड़ा गया। लगातार हो रहे अवैध उत्खनन से शासन को राजस्व की हानि होने के साथ पर्यावरण और सार्वजनिक संपत्तियों को भी गंभीर नुकसान पहुंच रहा है।

**कार्रवाई के बाद भी जारी रहा अवैध उत्खनन :** माइनिंग विभाग ने कुछ दिन पहले भी क्षेत्र में दबिश देकर कई हाईवा वाहनों पर कार्रवाई की थी और जुर्माना लगाया था, लेकिन कार्रवाई के अगले ही दिन से फिर अवैध उत्खनन शुरू हो गया। ग्रामीणों के मुताबिक, रात के अंधेरे और भोर के समय तेज रफ्तार हाईवों से बिना अनुमति मुरम का परिवहन किया जाता है। इससे गांव की सड़कें जर्जर हो चुकी हैं और लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है।

**खुलेआम चुनौती :** ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी राजनीतिक रसूख होने का दंभ भरते हुए खुलेआम कार्रवाई की चुनौती देता है। आरोप है कि श्मशान घाट और मंदिर की भूमि तक को खोद दिया गया, लेकिन संबंधित विभाग प्रभावी कार्रवाई करने से हिचकता रहा। इससे स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है। सूत्रों के अनुसार, हाल ही में एनआरडीए ने भी आरोपी के दो वाहनों पर अवैध उत्खनन का मामला दर्ज कर जप्ती एवं चालानी कार्रवाई की थी। इसके बावजूद अवैध खनन बंद नहीं हुआ। इससे पहले सिंचाई विभाग की नहर और अन्य शासकीय भूमि पर भी अवैध उत्खनन के आरोप लग चुके हैं।





### खनिज विभाग पर भी उठ रहे सवाल

स्थानीय लोगों ने खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत और सूचना देने के बावजूद खनिज अधिकारी एवं कर्मचारी फोन तक नहीं उठाते। कई बार संपर्क करने के प्रयास के बावजूद जवाब नहीं मिलने से लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है।

### प्रशासन मौन

खनिज निरीक्षक भार्गव और खनिज अधिकारी राजेश मालवे से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका पक्ष नहीं मिल सका। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि अवैध खनन की जानकारी देने के लिए लगातार फोन किए जाते हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी जवाब देने से बचते हैं। स्थानीय लोगों में यह धारणा बनती जा रही है कि खनिज विभाग आम जनता की शिकायतों के प्रति गंभीर नहीं है, जबकि खनन माफियाओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने में लगातार ढिलाई बरती जा रही है। लगातार जारी अवैध उत्खनन से विभागीय उदासीनता और संभावित मिलीभगत को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

## स्वार्थ भरे संसार में केवल परमात्मा ही जीवों के साथ : पं. संजय शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

- मोहदा की भागवत कथा में महाराजश्री ने गजेंद्र मोक्ष का किया वर्णन

समीपस्थ ग्राम मोहदा मे चल रहे भागवत कथा के 5 वे दिन पं संजय शर्मा निनवा वाले ने गजेंद्र मोक्ष की कथा मे बताया कि गजेंद्र को जब एक ग्राह ने सरोवर मे जल पीने के समय पकड़ लिया तब सहायता के लिए गजेंद्र ने परिवार वालों को पुकार लगाया तो किसी ने भी उनकी सहायता नहीं की. अंत मे जब गजेंद्र निर्बल होकर भगवान को पुकार लगाते हुए एक पुष्प अर्पण किए तो भगवान नारायण स्वयँ ही उनकी रक्षा करने के लिए दौड़ पडे और अपने चक्र से ग्राह को मारकर उस गजेंद्र की रक्षा किए। आचार्य शर्मा ने बताया कि य़ह संसार स्वार्थ से भरा हुआ है। यहा लोग अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए एक दूसरे से रिश्ता बनाए रखता है. और जब मुसीबत की घड़ी आती है तो सब साथ छोड़ देते है। केवल ईश्वर ही एक ऐसा है जो निस्वार्थ भाव से अपने भक्त का साथ देते है। उन्होंने कहा अपने-अपने स्वार्थ के लिए एक-दूसरे से जुड़ाव-लगाव रखते हैं। स्वार्थ पूरा होते ही कोई किसी को पहचानता तक नहीं है। कुछ लोग सोचते हैं कि पद-प्रतिष्ठा, धन-दौलत उसका साथ देगी, उसे सुखी रखेगी। पर ऐसा कुछ भी नहीं है। जिसने त्याग किया, उसको ही सब कुछ मिलता है। आचार्य श्री ने कहा मुसीबत के समय दुनिया मे कोई साथ नहीं देता, केवल अपने स्वार्थ और लोभ करने के लिए मनुष्य एक दूसरे से संबंध बनाए रखते है। ईश्वर को जब निर्मल मन से निर्बल होकर पुकार किया जाये तो ईश्वर किसी ना किसी नर रूप उस जीव की सहायता करने जरूर आते है। आगे आचार्य जी ने कहा कि मन को निर्मल बनाने के बाद ही ईश्वर की भी प्राप्ति होती है. ईश्वर उन्हीं को दर्शन देते हैं जिसके अंदर छल-कपट, ईर्ष्या-द्वेष, घृणा, झूठ-कपट आदि नहीं होते हैं। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे।

## शिवलिंग व नंदी मूर्ति खंडित करने का जुर्म किया कबूल

**अभनपुर।** ग्राम खोला में बीती रात मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। प्रार्थी भानुप्रताप तारक ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह ग्राम खोला का निवासी है और गांव की नवयुवक मछुवारा समिति का सदस्य है। समिति द्वारा चौगाही तालाब को पंचायत से 7 वर्षों के लिए लीज पर लिया गया है, जिसका इस वर्ष अंतिम साल है।

प्रार्थी के अनुसार तालाब में पानी कम होने के कारण वह अपने साथियों ओमकार तारक, विशेष तारक और राजा तारक के साथ प्रतिदिन रात में तालाब की चौकीदारी करता है। इसी दौरान 7-8 मई की दरम्यानी रात करीब 2 बजे तालाब की मेड़ पर बने मंदिर की ओर से जोरदार आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे भानुप्रताप ने देखा कि गांव का बालमुकुंद तारक मंदिर में स्थापित शिवलिंग और नंदी की प्रतिमा पर पत्थर पटककर उन्हें क्षतिग्रस्त कर रहा था। जब उसे रोकने और समझाने का प्रयास किया गया तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा और हाथ में पत्थर उठा लिया। घटना से घबराकर भानुप्रताप ने पास के नवनिर्मित मंदिर में सो रहे अपने साथियों को जगाया। सभी ने मौके पर पहुंचकर देखा कि शिवलिंग और नंदी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, वहीं पास में स्थापित बजरंगबली की प्रतिमा पर भी पत्थर लगने से हल्की क्षति पहुंची है।

## हरिभूमि में खबर छपते ही सकरी को मिली लो वोल्टेज से निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी

- 40 केवीए ट्रांसफार्मर को हटाकर तत्काल 100 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाया

**खबर का असर**



आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सकरी (जावा) में विगत कई महीनों से लो वोल्टेज और विद्युत आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को राहत मिल गई है। समाजसेवी डागेश यादव ने चंदखुरी मंदिर हसौद स्थित विद्युत विभाग के अधिकारियों को लिखित ज्ञापन सौंपकर 40 केवीए ट्रांसफार्मर की अपर्याप्त क्षमता की समस्या से अवगत कराया था। उन्होंने गर्मी के प्रचंड मौसम में ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए 100 केवीए क्षमता के नए ट्रांसफार्मर की मांग की थी।

**विभाग की त्वरित प्रतिक्रिया :** ज्ञापन मिलते ही विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता जे ई श्री प्रसन्न उपाध्याय ने तुरंत संज्ञान लिया। उन्होंने समस्या की गंभीरता को देखते हुए 40 केवीए ट्रांसफार्मर को हटाकर तत्काल 100 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगवा दिया। इससे गांव में बिजली की वोल्टेज स्थिर हो गई है। अब शाम के समय सबमर्सिबल पंप, रात में कूलर-पंखे सुचारू रूप से चल रहे हैं। किसान, मजदूर, बच्चे और बुजुर्गों को गर्मी से राहत मिली है। डागेश यादव समाज सेवी ने विभाग की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि शिकायत पर इतनी तेजी से कार्रवाई देखकर पूरे गांव के लोग खुश हैं। उन्होंने विद्युत विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सुशासन शिविरों का आयोजन, हर चेहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश



**आरंग।** नगर पालिका परिषद आरंग द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए शासकीय अरुंधती देवी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्रांगण में विशाल सुशासन शिविर' का आयोजन किया गया। वार्ड क्रमांक 1 से 17 तक के नागरिकों के लिए आयोजित इस शिविर में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के ‘सुशासन’ के विजन को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि सुशासन तब सार्थक होता है जब शासन प्रशासन आपके द्वार में हो उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विष्णुदेव साय के सुशासन में विकास समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और आम नागरिक के चेहरे पर समाधान की मुस्कान होनी चाहिए। शिविर में मंत्री से आम नागरिकों ने समस्याओं को साझा किया एवं मंत्री गुरु खुशवंत ने भय व भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन की बात की एवं कुछ समस्याओं के लिए नाराजगी जाहिर करते हुवे निर्देशित किया कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही अध्यक्षता कर रहे नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ संदीप जैन ने खुद को सुशासन के लिए समर्पित बताया एवं शिविर का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित कर जनता को बधाई दी एवं इस अवसर पर राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त ध्रुव कुमार मिर्धा, अध्यक्ष जनपद पंचायत टाकेश्वरी मुरली साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू, नगरपालिका उपाध्यक्ष हिरामन कोसले, पार्षद सभापति गण नरेंद्र लोधी, पुष्कर साहू, भानमती राकेश सोनकर, सेवती तोषण साहू, सभी पार्षद गण वीरेंद्र कडरा (गोलू), संतोष लोधी, जनपद सदस्य पद्मिनी साहू आदि व महेश साहू, राकेश शर्मा एवं वरिष्ठ के के भारद्वाज, गणेश साहू, वेदराम खूंटे, जी एस यादव, शंकर जलक्षत्रि , दिलीप जलक्षत्रि, सूरज साहू आदि अनेक जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विभागीय स्टालों का निरीक्षण भी किया एवं हितग्राहियों को विवाह पंजीयन, जन्म प्रमाण पत्र, विद्युत अनापत्ति प्रमाणपत्र, श्रवण यंत्र, श्रम कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना भवन अनुज्ञा वितरण, सड़क दुर्घटना 25000 राशि सहायता चेक, आय जाती निवास प्रमाण पत्र, किसान किताब वितरण, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, वय वंदन आयुष्मान कार्ड, टीवी पोषण आहार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सम्मान पत्र, अन्न प्राशन एवं कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं के नगर स्तर पर होनहार विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कुल 593 आवेदन आए, जिसमें 520 मांग के एवं 73 शिकायत के रहे। शिविर में अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अभिलाषा पैंकरा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी, तहसीलदार ज्योति मसियारे रहे उपस्थित रहे।

### कोटवारों की जीविका पर उद्योगों का 'काला' प्रहार

# औद्योगिक प्रदूषण से खेती-बाड़ी चौपट फिर भी रोकथाम के लिए कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

विकास की अंधी दौड़ और औद्योगिक मनमानी ने ग्राम मोहदी को विनाश के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। कभी धरसींवा से मोहदी मार्ग पर चलते हुए राहगीरों को सुकून देने वाली ठंडी आबो-हवा और चारों ओर लहलहाती फसलें दिखाई देती थीं, लेकिन आज यह दृश्य केवल अतीत की एक धुंधली याद बनकर रह गया है। भीषण गर्मी के इस दौर में जहाँ आम आदमी का सांस लेना दूभर है, वहीं ये उद्योग अपनी चिमनियों से बेखौफ जहर उगल रहे हैं। इन उद्योगों की दबंगई और बेलगाम प्रदूषण के कारण क्षेत्र का भूगोल पूरी तरह बदल चुका है। किसानों के जिन खेतों में कभी अन्न के दाने मुस्कराते थे, वहाँ अब फसलों की जगह उद्योगों की गाड़ियों के लिए अवैध यार्ड और खतरनाक काली राख (डस्ट) के ऊंचे ढेर दिखाई देते हैं। स्थिति इतनी भयावह है कि कृषि भूमि से किसानों का मोह अब पूरी तरह भंग होता जा रहा है।

**बंजर होती खेती और विस्थापन की साजिश :** यंहा पर बताना आवश्यक है कि क्षेत्र के किसानों का दर्द अब गहरे आक्रोश में बदल रहा है। उद्योगों के किनारे स्थित जमीनों पर अब हरियाली का नामो-निशान तक नहीं बचा है। जानबूझकर फैलाए जा रहे इस प्रदूषण ने खेतों पर रसायनों और मोटी राख की ऐसी चादर बिछा दी है कि जमीन की कोख बंजर हो चुकी है। ग्रामीणों का गंभीर आरोप है कि यह सब एक सोची-समझी रणनीति के तहत किया जा रहा है ताकि किसान मजबूर होकर अपनी पुश्तैनी संपत्ति उद्योगों के हवाले कर दें। आज मोहदी की सड़कों पर धूल का गुबार और खेतों में फैला काला जहर शासन के उन तमाम दावों की पोल खोल रहा है, जिनमें पर्यावरण संरक्षण और सुशासन की बड़ी-बड़ी बातें कही जाती हैं। उद्योगों के इस काले साम्राज्य ने न केवल पर्यावरण को क्षति पहुँचाई है, बल्कि ग्रामीण जनजीवन को भी खतरे में डाल दिया है।

**मोहदी में बड़े जन आंदोलन की आहट :** विडंबना यह है कि ग्रामीण अपनी इस व्यथा को लेकर शासन-प्रशासन के हर दरवाजे पर दस्तक दे चुके हैं। पिछले ‘सुशासन शिविर’ में बड़ी उम्मीद के साथ ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं का पुलिंदा अधिकारियों को सौंपा था, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी उन आवेदनों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

**कोटवारों की जीविका पर प्रहार :** इस त्रासदी का सबसे कारुणिक और चिंताजनक पहलू गाँव के कोटवारों से जुड़ा है। शासन की ओर से सेवा के बदले मिली भूमि ही उनकी जीविका का एकमात्र आधार थी, लेकिन उद्योगों के प्रदूषण ने उस पवित्र जमीन को भी नहीं बख्शा। अब वहां कृषि कार्य पूरी तरह ठप हो चुका है और जमीन उपजाऊ नहीं रह गई है।





### प्रदूषण के कारण फसल खराब

मैं पिछले कई वर्ष से खेती कर रहा हु पर कुछ वर्षों से उद्योग प्रदूषण के कारण फसल नही हो पा रहा है। जीविकोपार्जन के लिए मजबूर हो कर उद्योग के सामने झुक गया है।

-मनोहर दास मानिकपुरी, कोटवार मोहदी

### कोटवारों के हितों की रक्षा होगी

कोटवारों को जीविकोपार्जन हेतु मिली भूमि को लीज पर देना गैरकानूनी है; अतः उद्योग के कारण फसल को हुए नुकसान की प्रशासनिक जांच की जाएगी ताकि कोटवारों के हितों की रक्षा हो सके।

-बाबूलाल कुर्र, तहसीलदार धरसींवा

### उद्योगों की वादाखिलाफी

मोहदी में सीएसआर कार्य अधर में ग्राम पंचायत मोहदी के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने स्थानीय उद्योगों के खिलाफ गहरा रोष व्यक्त किया है। उनका आरोप है कि औद्योगिक इकाइयों द्वारा सीएसआर मद से गांव में कोई ठोस विकास कार्य नहीं किया गया। जो कार्य शुरू भी किए गए, उन्हें अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे ग्रामीणों को सुविधाओं के बजाय परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने उद्योगों पर विकास की अनदेखी और वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की है।

## बंगाल में भाजपा की जीत सुशासन पर जनता की मुहर

**धरसींवा।** 7 मई 2026 को धरसींवा मण्डल द्वारा मण्डल की मासिक बैठक धरसींवा विश्राम गृह में रखा गया था ,जिसमे शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिये गए निर्देशों के सम्बंध में चर्चा किया गया, जिसमें मण्डल का प्रत्येक माह के 1 से 7 तारीख के बीच में मण्डल बैठक करने एवं हर माह के किसी रविवार को जिसमे प्रधानमंत्री जी का मन की बात कार्यक्रम हो उस तिथि में शक्तिकेंद्र की बैठक होना सुनिश्चित करना एवं बुथ स्तर की बैठक एवं 25 सदस्य सूची बनने के लिए शक्तिकेंद्र स्तर पर बैठक मण्डल पदाधिकारीयो द्वारा करने के विषय मे चर्चा किया गया साथ ही विभिन्न समस्याओं के निदान कार्यकर्ताओ का कार्य सहित कार्यलय आदि विषयों पर सकारात्मक चर्चा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री अंजय शुक्ला जी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड ने अपने उद्बोधन में कहा कि बंगाल में भाजपा की जीत सुशासन पर जनता की मुहर है, साथ ही असम एवं पांडिचेरी मे भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत की बधाई दिया ,एवं उन्होंने अपने उद्बबोधन मे कहा पश्चिम बंगाल में पहले बहुत ज्यादा अराजकता, गुंडागर्दी महिलाओं के ऊपर अत्याचार होता था , लेकिन अब भारतीय जनता पार्टी के सरकार बन गई है पश्चिम बंगाल में संपूर्ण विकास होगा, सभी वर्ग के लोगों को सरकार की सभी योजनाओं को का लाभ दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारी श्री चन्द्रशेखर शुक्ला जी ,जिला पदाधिकारी डॉ श्री कृष्णकुमार वर्मा जी ,श्री पुरुषोत्तम यादव जी, श्रीमति संगीता साहू सहित मण्डल के अध्यक्ष महामंत्री उपाध्यक्ष मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गण महामंत्री,युवा मोर्चा ,महिला मोर्चा के पदाधिकारी सहित शक्तिकेंद्र प्राभारी एवं कार्यकर्तागण की उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**



### सकरी में लगा शिविर, 664 आवेदनों का निराकरण

**रायपुर।** सुशासन तिहार के तहत शुक्रवार को जिले के अभनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम संकरी में जनसमस्या निवारण शिविर लगा। इसमें विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन लेकर लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। शिविर में मौजूद विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने कुल आए 877 आवेदनों में से 664 का मौके पर ही निराकरण किया। शिविर में मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम कार्ड एवं नवीनीकरण, लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन और गोदभराई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में विधायक अभनपुर इन्द्रकुमार साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष चंद्रिका बंजारे, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम अभनपुर रवि सिंह, जनपद पंचायत सीईओ दीपक ठाकुर, अभनपुर तहसीलदार सीता शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर स्टेडियम पहुंचे लिया तैयारियों का जायजा



**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने 10 एवं 13 मई को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मैच की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि स्टेडियम में आने वाले दर्शकों की सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ऑनलाइन बुकिंग के बाद रायपुर पहुंचने वाले दर्शकों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त वॉलिंटियर तैनात किए जाएं। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता के लिए फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए।

### कविता नगर बोरियाखुर्द में हुई नाले की सफाई



**रायपुर।** जोन-10 अंतर्गत कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड-54 क्षेत्र अंतर्गत कविता नगर बोरियाखुर्द के नाले में गंदगी के कारण जाम हो गया था। बारिश के पूर्व इस नाले की शुक्रवार को जेसीबी की मदद से सफाई कराई गई। सफाई होने के बाद अब इस नाले के कारण क्षेत्र में जलभराव की स्थिति नहीं बनेगी।

### लाइफ जैकेट पहनकर नदी में उतरने की सलाह

**रायपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में हुई घटना के मद्देनजर नगर निगम रायपुर के जोन-8 क्षेत्र अंतर्गत खारून नदी में नाव चलाने वाले एवं मछली पकड़ने वाले मछुआरा संघ के साथ जोन अधिकारियों ने बैठक की। इस बैठक में मछुआरा संघ के सदस्यों को जबलपुर हादसे की जानकारी देते हुए उन्हें नदी में नाव चलाते समय लाइफ जैकेट जैसे सुरक्षा उपकरण पहनने की समझाईश दी।

# सिंचाई परियोजनाओं में लाएं तेजी, भू-अर्जन और क्लीयरेंस के कार्य शीघ्र करें पूरा : सीएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव विकासशील ने राज्य में स्वीकृत विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यों में गति लाने के सख्त निर्देश दिए हैं। मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मंडल की कार्यकारिणी समिति की बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि भू-अर्जन और फारेस्ट क्लीयरेंस जैसी प्रक्रियाओं को समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि परियोजनाओं का लाभ किसानों को जल्द मिल सके। बैठक की प्रमुख उपलब्धियां और परियोजनाएं पैरी-कोडार लिंक नहर (गरियाबंद) सिकासार जलाशय से कोडार जलाशय तक पाइपलाइन लिंक नहर का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना से महानदी की सहायक पैरी नदी के अतिरिक्त जल का उपयोग पेयजल,



निस्तारी और औद्योगिक कार्यों के लिए होगा। इससे गरियाबंद और महासमुंद जिले के 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में नई सिंचाई सुविधा विकसित होगी। मोहमेला-सिरपुर बैराज (रायपुर)-आरंग विकासखंड में महानदी पर प्रस्तावित इस बैराज से 1800 हेक्टेयर क्षेत्र में उद्वहन सिंचाई सुनिश्चित होगी। यह क्षेत्र में पर्यटन, नौका विहार और सुगम आवागमन को भी बढ़ावा देगा। मटनार बहुउद्देशीय परियोजना (बस्तर) इंद्रावती नदी पर प्रस्तावित यह योजना बस्तर के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उद्वहन प्रणाली पर आधारित होने के कारण इसमें कोई विस्थापन या पुनर्वास की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे स्थानीय पारिस्थितिकी सुरक्षित रहेगी। देउरगांव उद्वहन बैराज (बस्तर) जगदलपुर के समीप इंद्रावती नदी पर बनने वाली यह परियोजना बस्तर के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

### निविदा और प्रशासनिक अनुमोदन

बैठक में विभिन्न परियोजनाओं के निविदा प्रारूपों पर विस्तार से चर्चा कर उन्हें अनुमोदित किया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि तकनीकी और प्रशासनिक अड़चनों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। बैठक में जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो, ऊर्जा सचिव सारांश मित्तर, वित्त विभाग की विशेष सचिव शीतल शाश्वत वर्मा सहित विभिन्न परियोजनाओं के मुख्य अभियंता और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## शक्कर-नमक, अब चालू माह में होगा वितरण

# प्रदेश की 365 दुकानों में पहुंचा नहीं अप्रैल में एपीएल चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदेश में अप्रैल में दो से तीन लाख के करीब एपीएल कार्ड धारकों को चावल के साथ शक्कर एवं नमक का वितरण नहीं हो पाया। इसका कारण प्रदेश में संचालित 365 उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न का भंडारण ही नहीं किया जा सका। हालांकि छूटे हुए कार्ड धारकों को मई में खाद्यान्न का वितरण करने का आदेश जारी हुआ है। इसके लिए ईपॉस मशीन में साफ्टवेयर में पिछले महीने का ऑप्शन भी खोल दिया गया है, जिसके बाद अब छूटे हितग्राहियों को भी खाद्यान्न मिलना शुरू हो गया है।

### रायपुर जिले में 80 दुकानों में नहीं पहुंच पाया

रायपुर जिले में 80 उचित मूल्य दुकानों में एपीएल चावल, शक्कर एवं नमक का भंडारण नहीं हो पाया। इसके कारण इन दुकानों में पंजीकृत हितग्राहियों हजारों हितग्राहियों को चावल, शक्कर एवं नमक का वितरण भी नहीं हो पाया। इन छूटे हितग्राहियों को अब मई में अप्रैल का खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। जिले में जिन दुकानों में खाद्यान्न का भंडारण नहीं हो पाया है, उनमें रायपुर शहर की 28 दुकानें, धरसींवा की 25, गोबरा-नेवरा में 6, आरंग-4 तथा तिल्दा एवं अभनपुर में 1-1 दुकान शामिल है।



हरिभूमि सरोकार

हितग्राहियों को लौटना पड़ रहा खाली हाथ

**दूसरे दिन भी बंद रहीं ई-पॉस मशीनें, बंट नहीं पाया खाद्यान्न**

### माह खत्म होने के बाद शक्कर की आपूर्ति

*अप्रैल खत्म हो गया, लेकिन दुकानों में शक्कर ही नहीं पहुंच पाई। विभागीय सूत्रों के अनुसार इसका कारण सहकारी कारखानों से ही शक्कर की सप्लाई नहीं हो पाना है। कुछ दिनों पहले ही कारखानों से शक्कर की सप्लाई नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में शुरू हो पाई है। इसका भंडारण कराने के बाद अब विभाग उचित मूल्य की दुकानों में इसकी सप्लाई कराना शुरू कर दी है, ताकि पिछले महीने के साथ मई माह में भी जिन हितग्राहियों को शक्कर नहीं मिली है, उन्हें वितरण किया जा सके।*

### तीन माह का चावल वितरण भी जारी

*चावल उत्सव के तहत एपीएल को छोड़कर अन्य वर्ग के कार्ड धारकों को तीन महीने का चावल वितरण किया जा रहा है। आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में प्रदेशभर में लगभग 90 प्रतिशत हितग्राहियों को चावल वितरण किया जा चुका है, वहीं शेष हितग्राहियों को चालू माह में तीन माह का चावल वितरण किया जा रहा है। इनमें भी लाखों में हितग्राहियों को शक्कर मिल नहीं पाई है।*

### वितरण किया जा रहा

*अप्रैल में छूटे हुए हितग्राहियों को खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है, जो भी हितग्राही खाद्यान्न नहीं ले पाएं हैं, वे दुकानों में जाकर ले सकते हैं।*

***- भूपेंद्र मिश्रा***
*खाद्य नियंत्रक रायपुर*

# नशे में दुरुपयोग होने वाली दवाइयों की खरीदी-बिक्री सहित अन्य दस्तावेज अपडेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- एफडीए की टीम ने ली थोक दवा कारोबारियों की बैठक
- नारकोटिक एवं साइकोट्रॉपिक पर विशेष निगाह रखने पर जोर

नशे के रूप में दुरुपयोग की जाने वाली दवाईयों की खरीदी-बिक्री सहित अन्य दस्तावेजों को हमेशा अपडेट रखने की नसीहत थोक दवा कारोबारियों को दी गई है। इसके अलावा उन्हें नारकोटिक, साइकोट्रॉपिक सहित उन दवाओं की बिक्री विशेष सावधानी के साथ करने की हिदायत दी गई है जो प्रतिबंधित है। इसके अलावा जांच टीम द्वारा भाठागांव इलाके में कोटपा एक्ट के तहत जांच अभियान भी चलाया।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे सही दवा और शुद्ध आहार का अभियान 11 मई तक संचालित होगा। इसके तहत जांच के साथ जागरुकता का काम किया जा रहा है। शुक्रवार को जांच टीम ने थोक दवा कारोबारियों की बैठक लेकर उन्हें दस्तावेजों और ड्रग एक्ट के नियम के मुताबिक कारोबार करने की हिदायत दी। उन्हें ऐसी दवाओं के क्रय-विक्रय, भंडारण एवं वितरण से संबंधित सभी अभिलेखों, स्टॉक रजिस्टर, बिल-बाउचर, प्रिसक्रिप्शन रिकॉर्ड तथा अन्य दस्तावेजों का नियमानुसार एवं पारदर्शी रूप से संधारण करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान दवा कारोबारियों और उनके परिवार को नशे से दूर रहने की सामूहिक शपथ दिलाई। इसके अलावा दवा व्यापारियों को आम लोगों को नशे के दुष्परिणाम से अगवत कराने जनजागरूकता के प्रयास करने का सुझाव दिया। इस बैठक के अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भाठागांव इलाके में कोटपा एक्ट के तहत अभियान चलाया। अभियान के दौरान 40 चालान से 3750 रुपये का जुर्माना वसूल किया। चलाए जा रहे अभियान में औषधि निरीक्षक हंसा साहू, प्रीती उपाध्याय, नीरज साहू, टेकचंद धिरहे, सुरेश साहू, ओमप्रकाश यादव एवं ईश्वरी नारायण लगातार जांच कर आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं।

# खरीफ सीजन में बंटेगा 88 सौ करोड़ का ऋण अब तक किसानों ने उठाए 741 करोड़ रुपए

**मंत्री केदार कश्यप ने की समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



खरीफ सीजन 2026 के मद्देनजर राज्य के किसानों को खाद, बीज और ऋण की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने आज नया रायपुर स्थित निवास कार्यालय में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की।

उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि पैक्स (पीएएक्स) समितियों में किसानों की मांग के अनुसार समय पर खाद और प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए जाएं। चालू सीजन के लिए 8,800 करोड़ रुपये के कृषि ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 741 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। बताया गया है कि कुल 10 लाख मीट्रिक टन खाद वितरण के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 5.42 लाख मीट्रिक टन (54 प्रतिशत) का भंडारण पूरा हो चुका है। वर्तमान में समितियों में यूरिया (2.56 लाख टन), डीएपी (67 हजार टन), एनपीके (1.01 लाख टन), पोटाश (39 हजार टन) और एसएसपी (78 हजार टन) उपलब्ध है। मंत्री श्री कश्यप ने डीएपी की संभावित वैश्विक कमी को देखते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वैकल्पिक उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए और किसानों को इसकेउपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

### प्रमाणित बीजों की आपूर्ति

बैठक में जानकारी दी गई कि इस सीजन के लिए 4.95 लाख क्विंटल बीज की मांग है। अब तक 81,640 क्विंटल प्रमाणित बीज का भंडारण किया जा चुका है। मंत्री श्री कश्यप ने बीज निगम को समितियों में जल्द से जल्द शेष आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में सहकारिता सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, मार्कफेड एमडी जितेंद्र शुक्ला, बीज निगम एमडी अजय अग्रवाल, अपेक्स बैंक एमडी के.एन. कांडे सहित कृषि और सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के सीईओ उपस्थित रहे।

# हमर अस्पताल की बदहाल व्यवस्था को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर शहर जिला कांग्रेस द्वारा हमर अस्पताल की बदहाल व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन किया गया। रायपुर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, प्रदेश की भाजपा सरकार में जनता को सिर्फ कागजों पर ही निः शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो रही है।

श्री मेनन ने कहा, कांग्रेस सरकार के दौरान शुरू की गई हमर अस्पताल योजना में हर वार्ड में स्वास्थ केंद्र, डॉक्टर, नर्स पैरामेडिकॉल स्टाफ, शुगर ब्लड प्रेशर जांच सुविधा के साथ दवाई भी उपलब्ध रहती थी। लेकिन अब व्यवस्था बदहाल हो गई है। छत्तीसगढ़ के निवासी निः शुल्क चिकित्सा सुविधा के अभाव में जहां एक ओर प्राईवेट अस्पताल में जाकर चिकित्सा सुविधा के नाम पर अपनी जीवन भर की गाड़ी कमाई को लुटा कर आर्थिक कंगाली का शिकार हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर प्रदेश के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले एवं मध्यम वर्ग के लोग शासकीय अस्पतालों में जाकर स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में समय से पूर्व काल के गाल में समाकर मृत्यु के शिकार हो रहे हैं। केन्द्र शासन द्आरा कहने को तो आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड के नाम पर देश के नागरिकों को साल में पांच लाख रुपए तक अनुदान राशि दिया जाता हैं जबकि हकीकत यह हैं कि वह राशि कई कई महीने तक जारी नहीं होती, इसलिए प्राईवेट अस्पताल इस योजना से इलाज करने से साफ इन्कार कर देते हैं।

### चिकित्सा सुविधा का नितांत अभाव : जुनेजा

*रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने कहा, भाजपा सरकार में प्रदेश की जनता के लिए चिकित्सा सुविधा का नितांत अभाव है। रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, छत्तीसगढ़ प्रदेश में चिकित्सा सुविधा के अभाव में हर तबके को भारी असुविधा हो रही है। सरकार को तत्काल इसका निदान करना चाहिए। धरना प्रदर्शन में उग्र प्रदर्शन किया गया। अंत में ज्ञापन दे कर एक हफ्ते में व्यवस्था ठीक करने की मांग की गई है।*

# बारिश से पहले नालों की सफाई पर मंथन, जल भराव होने पर जोन कमिश्नर-स्वास्थ्य अधिकारी होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बारिश का सीजन शुरू होने से पहले सभी जोन क्षेत्र में छोटे-बड़े नालों की सफाई को लेकर निगम मुख्यालय में बैठक हुई। इस बैठक में महापौर मीनल चौबे ने दो टूक कहा कि किसी भी जोन क्षेत्र में बारिश के सीजन में नालों के कारण जलभराव की स्थिति बनी, तो इसके लिए उस क्षेत्र के जोन कमिश्नर एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

उन्होंने, अधिकारियों को निर्देशित किया कि बारिश के पूर्व जल भराव की समस्या दूर करने सुगम निकास प्रबंधन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके लिए सभी नालों की अच्छी तरह से सफाई कराएं। बैठक में सभी जोन के अध्यक्ष, कमिश्नर एवं स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।




### बाधक पाटों को हटाकर करें सफाई

महापौर ने बैठक में कहा कि आवश्यकता पड़ने पर बाधक पाटों को भी हटाने की कार्रवाई करें, ताकि नालों की गंदगी सड़कों तक नहीं आ पाए। उन्होंने कहा कि सभी जोन कमिश्नर अपने-अपने जोन में आपदा प्रबंधन उपकरण की जांच और परीक्षण तत्काल करें तथा आवश्यकतानुसार उनकी मरम्मत करवाकर उन्हें तैयार रखे। उन्होंने कहा कि जलभराव के हालात बनने पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### 10 दिनों में 200 से अधिक नालों की होगी सफाई

स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष सुनील चंद्राकर ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि निगम क्षेत्र के 200 से अधिक नालों की सफाई के दूसरे चरण को तत्काल शुरू करें और अगले 10 दिनों में नालों की सफाई कराएं। सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने कहा कि जोन अधिकारी रेलवे क्षेत्र के नालों की बारिश से रेलवे अधिकारियों से समन्वय रखकर जल्द पूरा कराए, ताकि इस क्षेत्र की बस्तियों में जल भराव की समस्या उत्पन्न ना हो।

# खाद वितरण की गलत नीति से किसान परेशान : धनेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



*छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ सरकार की गलत नीति के कारण आज फिर से किसान वर्ग पूरी तरह से परेशान हो रहा है। किसानों को खाद के लिए सोसाइटियों के चक्कर काटकर भटकना पड़ रहा है, परंतु उन्हें कहीं भी खाद नहीं मिल रही है। किसानों को इस बात की चिंता सताने लगी है कि सरकार के इस फैसले से उन्हें इस साल की खेती के लिए क्या पर्याप्त रासायनिक खाद की उपलब्धता उन्हें हो पाएगी या नहीं हो पाएगी और यदि खाद नहीं मिली, तो हम खेती किसानी नहीं कर सकेंगे। एक बयान में श्री साहू ने कहा है कि सरकार लगातार अपनी नीतियों को और नियमों को जानबूझकर जटिलता पैदा कर रहे हैं ताकि किसानों को समय पर खाद न मिले और जिसका फायदा मुनाफाखोर लोग उठावें। इस वर्ष शासन के निर्देशन अनुसार प्रत्येक सोसाइटी में जो आदेश गया हुआ है उसके अनुसार डीएपी प्रति एकड़ मात्र एक बोरी दी जाएगी 50 किलो की भर्ती वाली, दूसरा यूरिया मात्र एक बोरी 45 किलो की भर्ती वाली दी जाएगी तथा सुपर फास्फेट प्रत्येक एकड़ जो पहले अनलिमिटेड था अब सिर्फ एक बोरी 50 किलो की भर्ती वाली दी जाएगी। इसी तरह से पोटाश को भी मात्र एक बोरी 50 किलो भर्ती वाली दिए जाने का प्रावधान किया गया है। और वह भी अभी किसी भी सोसाइटी में उपलब्ध नहीं है।*

## एक ही चरण में होंगे दोनों चुनाव, 4 जून को परिणाम

# स्थानीय निकायों के आम-उप निर्वाचन, 1 जून को मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने आज दिनांक 08 मई 2026 को राज्य के नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम-उप निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया है। कार्यक्रम अनुसार नगरीय निकायों तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के आम-उप निर्वाचन की कार्रवाई 11 मई से प्रारम्भ होकर 4 जून तक होगी।

नगरपालिकाओं के अध्यक्ष के 05 पद तथा वार्ड के पार्षद के 77 पद, कुल 82 पदों तथा त्रिस्तरीय पंचायतों में जनपद पंचायत सदस्य के 10. सरपच के 82 तथा पच के 1136 पद, कुल 1228 रिक्त पद की पूर्ति हेतु नाम निर्देशन पत्र 11 मई 2026 से 18 मई 2026 तक प्राप्त किये जाएंगे, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 19 मई 2026 को होगी तथा 21 मई 2026 तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। नगरीय निकायों हेतु




मतदान तिथि 01 जून 2026 एवं परिणामों की घोषणा 04 जून 2026 को की जाएगी। त्रिस्तरीय पंचायतों हेतु मतदान एवं मतगणना 01 जून 2026 को की जाएगी, सारणीकरण एवं परिणामों की घोषणा दिनांक 04 जून 2026 को की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही ऐसे नगर पालिकाओं के एवं पंचायत क्षेत्रों में जहां निर्वाचन सम्पन्न होना है, आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है।

### आयुक्त ने दी ये जानकारी

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया की आयोग द्वारा आम-उप निर्वाचन हेतु विहित कार्यक्रम जारी कर जिला निर्वाचन अधिकारियों को, कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन की कार्यवाही करने के निर्देश प्रसारित कर दिये है तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से निर्वाचन संपन्न कराने हेतु आयोग द्वारा व्यापक तैयारियां कर ली गई है। निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार नगरीय निकायों के कुल 44525 मतदाता तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के कुल 1037789 मतदाता निर्वाचन में भाग लेंगें। मतदान के लिए नगरीय निकायों के निर्वाचन हेतु कुल 115 तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के अंतर्गत कुल 937 मतदान केन्द्र निर्धारित किये गये है। नगरीय निकायों के निर्वाचन दलीय आधार पर ईव्हीएम (मतदान मशीनों) से तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन गैर दलीय आधार पर मतपेटी के माध्यम से कराए जाएंगे। सभी नगरीय निकायों में मतदान प्रातः 8बजे से सायं 5 बजे तक तथा त्रिस्तरीय पंचायतों में मतदान प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। मतदान के समय मतदाताओं के पहचान को सुगम बनाने के लिए आयोग द्वारा 18 पहचान पत्र निर्धारित किए गए है जिसमें से किसी भी एक पहचान पत्र को मतदाता द्वारा प्रस्तुत किए जाने पर मतदान केन्द्र के पीठासीन अधिकारी द्वारा मतदान की अनुमति दी जा सकेगी। आयोग की सचिव, शिखा राजपूत तिवारी ने बताया निर्वाचन में पारदर्शिता एवं आदर्श आचरण संहिता के पालन तथा नगरीय निकायों में अध्यक्ष पदों के लिए निर्धारित व्यय सीमा पर निगरानी रखने के लिये कुल 5 व्यय प्रेक्षक नियुक्त किये गये है तथा समस्त निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी हेतु 33 सामान्य प्रेक्षक की नियुक्ति कर ली गई है।

### राज्यपाल से पर्यटन मंत्री ने की मुलाकात

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से शुक्रवार लोकभवन में पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने सौजन्य मुलाकात की। दौरान राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार एवं पर्यटन विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। राज्यपाल श्री डेका ने विशेष रूप से बस्तर स्थित चित्रकोट जलप्रपात में पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों पर बुजुर्गों एवं निशक्तजनों की सुविधा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस दौरान चित्रकोट जलप्रपात क्षेत्र में रैंप निर्माण सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# 2 दिन में 106 महिलाओं को रजिस्ट्री में मिली 46 लाख से अधिक की छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रजिस्ट्री में महिलाओं को 50 प्रतिशत की छूट लागू होने के बाद रायपुर जिले के सात पंजीयन कार्यालयों में दो दिन में 106 महिलाएं इस छूट का लाभ ले चुकी हैं। इन महिलाओं को कुल 46 लाख 57 हजार 210 रुपए का लाभ मिला है। इनमें रायपुर निवासी सरिता त्रिपाठी को रजिस्ट्री में 34 हजार 800 रुपए की छूट मिली है। उन्होंने बताया कि अपने परिवार के बेहतर भविष्य और स्थायी निवेश के उद्देश्य से रायपुर में जमीन खरीदी है। रजिस्ट्री में मिली छूट की राशि उसके लिए बचत है। यह राशि भविष्य में उसके और परिवार के लिए काम आएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने महिलाओं को रजिस्ट्री शुल्क में 50 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है। इसका प्रभाव छूट के लागू होते ही दिखने लगा है। जिले के सात पंजीयन कार्यालयों में पिछले दो दिनों में ही 106 महिलाओं के दस्तावेज पंजीकृत हुए, जिससे महिलाओं को 46 लाख 57 हज़ार 210 रुपये का लाभ हुआ है। गौरतलब है कि इस छूट से अधिक से अधिक परिवार अपनी संपत्ति महिलाओं के नाम पर दर्ज कराएंगे। संपत्ति का मालिकाना हक मिलने से महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा बढ़ेगी। यह निर्णय महिला सशक्तिकरण और महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में अधिक प्रभावी भूमिका निभाने में मदद करेगा।

**रजिस्ट्री में महिलाओं को 50 प्रतिशत छूट का मिल रहा लाभ**



### पहले दिन 30, दूसरे दिन 76 महिलाओं ने कराई रजिस्ट्री

रजिस्ट्री के पहले दिन 30 एवं दूसरे दिन 76 महिलाओं ने रजिस्ट्री कराई है। रजिस्ट्री में मिली 50 प्रतिशत की छूट से महिलाओं के साथ उनके परिवार को भी बड़ी राहत मिली है।

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री के सचिव सुबोध ने ग्रहण किया अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर।** मुख्यमंत्री के सचिव वरिष्ठ आईएएस सुबोध सिंह ने शुक्रवार को ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव एवं पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। इस अवसर पर अभियंता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उनका स्वागत किया। अभियंता संघ के महासचिव ई. मनोज वर्मा के नेतृत्व में सीईसी सदस्य ई. करुणेश यदेव, ई. नीरज वर्मा एवं ई. देवांगन ने श्री सिंह जी से सौजन्य मुलाकात के दौरान गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया एवं नई जिम्मेदारी के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। प्रतिनिधिमंडल ने श्री सिंह के ऊर्जावान नेतृत्व में प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में नई उपलब्धियां प्राप्त होने की आशा व्यक्त की।

### डीपीएड के परिणाम जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित डीपीएड के परिणाम 8 मई को घोषित कर दिए गए। डीपीएड प्रथम वर्ष की परीक्षा में 51 और द्वितीय वर्ष में 52 छात्र शामिल हुए थे। परीक्षार्थी अपना रिजल्ट मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रोल नंबर दर्ज करके देख सकते हैं।

### सहायक अभियंता के 46 पदों पर भर्ती करेगा पीएससी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा प्रदेश में सहायक अभियंता के 46 पदों पर भर्ती की जाएगी। लोक निर्माण विभाग और सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों पर इसके माध्यम से नियुक्ति होगी। आवेदन प्रक्रिया 13 मई से प्रारंभ होगी, जो 11 जून तक जारी रहेगी। परीक्षा 16 अगस्त को संभावित है। विस्तृत जानकारी पीएससी ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है।

### नेशनल लोक अदालत आज राजीनामा से होगा निपटारा

**रायपुर।** आपसी सुलह (राजीनामा) के जरिए मामलों का निपटारा करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के तत्वावधान में शनिवार 9 मई को देशव्यापी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया हे। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) बिलासपुर द्वारा प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों एवं व्यवहार न्यायालयों में भी लोक अदालत आयोजित किए जाएंगे। यह कैलेण्डर वर्ष 2026 की दूसरी लोक अदालत होगी। इसी प्रकार बैंक विद्युत संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण, राजस्व न्यायालय खंडपीठ में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बटवारे का निराकरण किया जाएगा।

## निधन

### शकुन शर्मा

**रायपुर।** त्रिमूर्ति मंदिर गांधी नगर, लाखेनगर निवासी शकुन शर्मा (85) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 9 मई को सुबह 10 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे पं. उमेश शर्मा की माता थीं।



### पुलिस का दावा- बेहद लो डेंसिटी का था एक्सप्लोसिव

# विनय देवांगन अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर परिजनों से थाने में लगातार पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

बिरगांव नगर निगम में आगामी माह में निगम चुनाव होना है, ऐसी स्थिति में विस्फोटक मिलने की घटना को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच करने छह सदस्यी जांच कमेटी का गठन किया है। मितानिन के घर विस्फोटक छोड़ने बिरगांव नगर निगम के महापौर नंदलाल देवांगन का साला विनय देवांगन का नाम सामने आया है।

उसके लोकेशन के बारे में पुलिस को अब तक किसी तरह से कोई जानकारी नहीं मिली है। जिस घर में विस्फोटक मिला था, इसके बाद पुलिस विनय के वार्ड नंबर 31 के मकान तथा उसके सिलियारी स्थित एक अन्य मकान में पतासाजी करने गई थी। दोनों ठिकानों पर पुलिस के हाथ खाली रहे। पुलिस की टीम ने सिमगा में रहने वाले विनय के भाई तथा बहन को पूछताछ करने तलब किया। इसके अलावा विनय सांकरा में 16 अप्रैल को जिनके यहां शादी समारोह में शामिल होने गया था, उस परिवार के लोगों से संपर्क कर वियन के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश की। फिलहाल विनय के बारे में पुलिस को दो दिन की जांच में किसी तरह से कोई जानकारी नहीं मिल पायी है। बताया जा रहा है, विनय का मोबाइल 25 अप्रैल के बाद से बंद है।

### चुनावी एंगल से भी जांच

बिरगांव नगर निगम में आगामी माह में नगर निगम चुनाव होना है। ऐसी स्थिति में पुलिस चुनाव प्रभावित करने किसी तरह की साजिश के एंगल से भी जांच कर रही है। पुलिस द्वारा चुनावी एंगल से जांच करने का कारण विनय देवांगन की रिश्तेदारी महापौर के साथ स्थानीय पार्षद एवज देवांगन के साथ है।



■ किस उद्देश्य से एक्सप्लोसिव लाया था पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही

### आखिर किस उद्देश्य को लेकर विस्फोटक लाया

नार्थ डीसीपी मयंक गुर्जर के अनुसार जब्त विस्फोटक बेहद लो डेंसिटी का था। विस्फोटक किस उद्देश्य से लाया गया, इस सवाल की जानकारी जुटाने की कोशिश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस इसकी भी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि विनय चाहता तो विस्फोटक को किसी और के पास छोड़ सकता था, लेकिन उसने विस्फोटक मितानिन के घर ही क्यों छोड़ा, इस संबंध में जानकारी जुटाने मितानिन से पूछताछ कर रही है।

### *विस्फोटक कहां से लाया इसकी भी जांच*

*पुलिस के दावों के मुताबिक विस्फोटक लो डेंसिटी एक्सप्लोसिव है, लेकिन जिस ढंह से बम बनाया गया था और विस्फोट करने तार के साथ रिमोट की व्यवस्था की गई थी, इसके चलते लो डेंसिटी एक्सप्लोसिव से भी बड़ी घटना को अंजाम दिया जा सकता था। विनय ने विस्फोटक की व्यवस्था कहां से की, पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है। विनय के पकड़े जाने के बाद ही सारे रहस्यों से पर्दा उठेगा।*

### पंजाब का तस्कर गिरफ्तार

# ट्रांसपोर्टिंग की आड़ में अफीम, डोडा की तस्करी

■ आजाद चौक पुलिस ने युवक के पास से प्रतिबंधित टेबलेट जब्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आमानाका, आजाद चौक पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में अफीम, डोडा चूरा के साथ प्रतिबंधित नशीला टेबलेट जब्त किया है। जब्त अफीम तथा डोडा की कीमत डेढ़ लाख रुपए आंकी जा रही है। पुलिस ने दोनों प्रकरण में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर अफीम, डोडा चूरा तस्करी में अन्य तस्करों के बारे में जानकारी जुटा कर तस्करी से जुड़े अन्य तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। आमानाका थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पंजाब, अमृतसर निवासी बलराम सिंह (55) के कब्जे से चार किलो से ज्यादा डोडा चूरा तथा 80 ग्राम के करीब अफीम जब्त किया है। बलराम सिंह हीरापुर में जनता क्वार्टर में किराए के मकान में रहता है। पुलिस ने अटारी रोड स्थित डीआरजी ट्रांसपोर्ट के सामने खड़े ट्रेलर की जांच की, तो बलराम ने ट्रेलर के अंदर डोडा तथा अफीम छिपाकर रखा था। बताया जा रहा है, बलराम सिंह पंजाब से तस्करी कर मादक पदार्थ को बेचने के लिए रायपुर लाया था। रायपुर में अफीम तथा डोडा किसने मंगवाया था, पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है।

**युवक के कब्जे से प्रतिबंधित टेबलेट जब्त** : आजाद चौक थाने की पुलिस ने आदतन बदमाश शेख साहिल के कब्जे से प्रतिबंधित टेबलेट जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि शेख साहिल ईदगाह भाठा मैदान के पास प्रतिबंधित टेबलेट बेच रहा है। मौके पर पुलिस शेख साहिल को पकड़ने पहुंची, तो वह पुलिस को चकमा देकर भागने लगा। पुलिस ने बदमाश युवक को घेराबंदी कर पकड़ा। शेख साहिल पूर्व में अन्य गंभीर धाराओं के तहत जेल जा चुका है। मौदहापारा थाना में भी उसके खिलाफ एनडीपीएस का मामला दर्ज है।

# ऑफलाइन सट्टा का बड़ा खिलाड़ी पुलिस गिरफ्त में, नागपुर से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ पुलिस गिरफ्त में आया ऊंची रसूख वाला

देश के कई राज्यों में ऑफलाइन सट्टा संचालित करने वाले एक बड़े खिलाड़ी को पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सटोरियों को पुलिस ने तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पकड़े गए नमन जग्गी, आयुष जैन की निशानदेही पर गिरफ्तार किया है।

बताया जा रहा है, पुलिस ने नागपुर से जिस सटोरिये को गिरफ्तार किया है, उसे बचाने पुलिस के पास कई रसूखदार लोग कॉल कर चुके हैं। कॉल वालों में महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ के लोग शामिल हैं। पुलिस ने नागपुर से जिस सटोरिए को गिरफ्तार किया है, बताया जा रहा है, वह राजनीतिक रसूख के दम पर कई राज्यों में सट्टा संचालित कर रहा है। पुलिस ने अंकित राकेश अग्रवाल को नागपुर की एक पॉश कालोनी से गिरफ्तार किया है। नमन और आयुष जैन सहित अन्य पर सट्टा नेटवर्क से जुड़े लोगों को पैनल और तकनीकी सपोर्ट उपलब्ध कराने का आरोप है। पुलिस का दावा है कि आरोपी लंबे समय से करोड़ों रुपये के ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन सट्टा कारोबार का संचालन कर रहा था।

### फर्जी आईडी से करोड़ों का ट्रांजेक्शन

प्रारंभिक पड़ताल में पुलिस को अंकित राकेश के कई फर्जी आईडी से बैंक अकाउंट संचालित होने की जानकारी मिली है। उन अकाउंट से अंकित राकेश द्वारा करोड़ों रुपए का ट्रांजेक्शन किया गया है। अंकित राकेश का नागपुर के साथ रायपुर में कई बैंक अकाउंट होने के बारे में पुलिस को जानकारी मिली है। पुलिस अंकित राकेश के ट्रांजेक्शन की जांच कर रही है। अंकित राकेश से पूछताछ के आधार पर पुलिस आने वाले दिनों में सट्टा सिंडिकेट से जुड़े कई और बड़े नामों का खुलासा कर सकती है।

## बीज निगम के दैवेभो कर्मियों की हड़ताल से कामकाज प्रभावित

**रायपुर।** छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी विगत 5 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल के चलते बीज निगम के विभिन्न कार्यालयों, बीज भंडारों एवं जिला इकाईयों का कार्य वृहद तौर पर प्रभावित हो रहा है। कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण बीज भंडारण, बीज वितरण, स्टॉक संधारण मांग एवं उपलब्धता का आकलन, परिवहन समन्वय तथा रिकार्ड संधारण जैसे महत्वपूर्ण कार्य बाधित हो गए हैं। दैवेभो कर्मचारी संघ ने बताया कि उनकी दो प्रमुख मांगें काफी समय से लंबित हैं। जिस पर शासन ने अब तक संज्ञान नहीं लिया है, इस वजह से कर्मचारियों को मजबूर होकर हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा है।

## बिजनेस साइट

# शंकर नगर में ग्रेट समर डिज्नीलैंड मेले की धूम, बच्चों-युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह



**रायपुर।** राजधानी के शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में गुरुवार से शुरू हुए ग्रेट समर डिज्नीलैंड मेला-2026 ने पहले ही दिन शहरवासियों को आकर्षित किया। मेले का शुभारंभ उत्तर रायपुर के विधायक पुरंदर मिश्रा एवं छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने किया। उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने कहा कि यह मेला शंकर नगर क्षेत्र की रौनक बढ़ाने के साथ शहरवासियों को मनोरंजन का नया विकल्प उपलब्ध करा रहा है। गर्मी की छुट्टियों को देखते हुए बच्चों, युवाओं और परिवारों के लिए इसे विशेष आकर्षण का केंद्र बताया गया। कार्यक्रम में वार्ड 30 के पार्षद राजेश गुप्ता एवं फिरोज अख्तर भी मौजूद रहे। मेले का मुख्य आकर्षण पहली बार लगाया गया रोबोटिक बटरफ्लाई पार्क है, जिसे देखने के लिए लोगों में खास उत्साह देखा जा रहा है। प्रवेश द्वार पर लगी विशाल बटरफ्लाई और आकर्षक सेल्फी पॉइंट युवाओं के बीच खासे लोकप्रिय बने हुए हैं। बच्चों के लिए जायंट व्हील, स्क्रीम टॉवर, डबल डिस्क फ्रीजबी, टॉय ट्रेन और मिक्की माउस जैसे रोमांचक झूले लगाए गए हैं। वहीं हैंडलूम, हस्तशिल्प और फूड स्टॉल भी लोगों की पसंद बन रहे हैं। शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक संचालित यह मेला गर्मी की छुट्टियों में शहरवासियों के लिए मनोरंजन का प्रमुख केंद्र बन गया है।

# प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर हमला, एक दर्जन से ज्यादा उत्पातियों के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर गुरुवार को प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने जमकर उत्पात मचाया। उत्पाती कार्यकर्ताओं पर पुलिस पर पथराव करने के आरोप है।

पथराव से कई पुलिसकर्मी चोटिल हुए हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एक दर्जन से ज्यादा अज्ञात लोगों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा के साथ पुलिस पर हमला करने का अपराध दर्ज किया है। इस बात की पुष्टि एडीसीपी सेंट्रल तारकेश्वर पटेल ने की है। उत्पातियों की पहचान मौके पर की गई वीडियो रिकार्डिंग के साथ ड्रोन कैमरा से ली गई फोटो तथा वीडियो से पुलिस कर रही है। छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर एनएसयूआई के कार्यकर्ता अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने निकले थे। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग की व्यवस्था की थी। पुलिस घेरा तोड़ने में असफल होने से नाराज एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर पुलिस पर पथराव करने का आरोप है।

### ...और एडीसीपी पटेल ने लपका पत्थर

बताया जा रहा है, शाम सात बजे के करीब अंधेरे का फायदा उठाकर उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव किया। उत्पातियों ने भगदड़ के दौरान पुलिस पर पथराव किया है। उत्पाती पुलिस पर पथराव कर रहे थे, इस दौरान एक पत्थर तेजी से एडीसीपी तारकेश्वर पटेल के चेहरे पर लगते-लगते बचा। एडीसीपी ने तत्परता दिखाते हुए पत्थर को लपका। पत्थर नहीं पकड़ पाने की स्थिति में एडीसीपी या फिर उनके पीछे खड़े लोग चोटिल हो सकते थे।

# रायपुर में लिवर हेल्थ के लिए 'प्रिवेंटिव हेपेटोलॉजी' पर महत्वपूर्ण सम्मेलन




**रायपुर।** लिवर संबंधी बीमारियों की रोकथाम और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंडियन सोसाइटी ऑफ गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी छत्तीसगढ़ चैप्टर, एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन्स ऑफ इंडिया और रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में 9 और 10 मई को होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में 'प्रिवेंटिव हेपेटोलॉजी' विषय पर दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में देशभर के वरिष्ठ लिवर विशेषज्ञ भाग लेकर फैटी लिवर, शराबजनित लिवर रोग और वायरल हेपेटाइटिस जैसे गंभीर विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। इस अवसर पर 'छत्तीसगढ़ लिवर शील्ड कंसोर्टियम' की भी शुरुआत होगी, जो प्रदेशभर में लिवर रोगों की रोकथाम, प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान को मजबूत करेगा। आयोजन अध्यक्ष डॉ. देविंदर सिंह विरदी ने इसे लिवर स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में अहम पहल बताया, जबकि आयोजन सचिव डॉ. ललित निहाल ने कहा कि यह मंच राज्य के हर जिले तक सेवाएं पहुंचाने में मददगार साबित होगा।

# स्टार अचीवर्स सम्मान में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**रायपुर।** मां शारदा हायर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, मठपुरैना में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के विद्यार्थियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों पर 'स्टार अचीवर्स सम्मान' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के मेधावी विद्यार्थियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर राजेश चौबे ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि सफलता निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच से मिलती है। उन्होंने छात्रों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह उल्लेखनीय परिणाम संभव हो सका। प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय आगे भी छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।



## // आम सूचना //

आवासीय संपत्ति जिसका खसरा क्र.- 1042/9 (शामिल खसरा क्र. 1043/10 व 1044/9) रकबा 0.011 हेक्टेयर अथवा 1286 वर्ग फुट है जो कि, ग्राम- गुढ़ियारी, प.ह.न. 107 (पुराना)/49 (नया), रा. नि. म. रायपुर-4- गुढ़ियारी, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, के सम्बंध में आम सूचना -

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति वर्तमान में मेरे पक्षकार उषा साहू पति स्व. हृदय राम साहू, राहुल साहू व खेमलाल साहू दोनों पिता स्व. हृदय राम साहू निवासी कृष्णा नगर, गली न.-8, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड- 18, गुढ़ियारी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वत्व व आधिपत्य की संपत्ति है, जिससे संबन्धित पूर्व का विक्रय विलेख जिसका निष्पादन तेजकुमारी साहू एवं अन्य (पूर्व विक्रेतागण) द्वारा मनोज कुमार साहू पिता अमरिक साहू (क्रेता) के पक्ष में किया गया था, जिसका पंजीयन दिनांक 08.01.2007 को पुस्तक क्र.-1, ग्रंथ क्र.-35564 में दस्तावेज क्रमांक-3899 देकर उप पंजीयक कार्यालय, रायपुर में किया गया था, आज दिनांक को उनके रिकॅार्ड में अत्यधिक प्रयास के बाद भी नहीं मिल रही है एवं उसके गुम हो जाने की पूर्ण संभावना है और इसके संबंध में पुलिस थाना, गुढ़ियारी, रायपुर के समक्ष दिनांक 04.05.2026 को सूचना दी गई है।

अतः यदि उपरोक्त गुम मूल विक्रय विलेख के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई भी संव्यवहार अवैधानिक तरीके से कूट रचना कर अनुचित लाभ प्राप्त करने हेतु किसी भी व्यक्ति, व्यक्ति समूह, संस्था, समिति अथवा किसी संवैधानिक व्यक्ति इत्यादि द्वारा किया जाता है, अथवा किया गया है तो वह आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आवेगा । यदि ऐसे किसी संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, व्यक्ति समूह, संस्था, समिति अथवा किसी संवैधानिक व्यक्ति इत्यादि को हानि पहुंची हो अथवा कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 (पंद्रह) दिवस के भीतर मेरे निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपात्ति अवैध तथा शुन्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी व वह जैसा चाहे उस रूप में अन्यथा अंतरण करने हेतु स्वतंत्र होवेगा। सो सूचना जाने।

**स्थान- रायपुर, दिनांक 08.05.2026**
**मनीष मल्होत्रा (अधिवक्ता)**
**जी-7, सैक्टर-1, अवन्ती विहार, रायपुर छ.ग.**
**मो.नं. - 98266 28916**

## पेज 11 के शेष ...

### शाम होते ही चली आंधी...

अधिकतम तापमान 46 डिग्री के करीब पहुंच गया था। गर्मी के मामले में रायपुर भी पीछे नहीं रहा और यहां के टेंप्रेचर ने अपने पिछले दस साल के रिकार्ड तोड़ डाले थे। माह के अंतिम दिनों में मौसम बदला और मई का पहला सप्ताह भी ग्रीष्मलहर के बगैर बीत गया। सक्रिय होने वाली विभिन्न मौसम तंत्रिका के असर से बादल-बारिश और अंधड़ का दौर चला, जिससे तापमान में गिरावट आई और गर्मी बेहद कम हो गई। शुक्रवार को भी मौसम कुछ बदला-बदला सा रहा। दिन में गर्मी अपनी सामान्य स्थिति में रही और शाम होने के बाद बादल छाने के साथ करीब तीस से चालीस किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चली। तेज हवा और धूलभरे अंधड़ की वजह से कुछ देर के लिए जनजीवन प्रभावित हो गया। इस दौरान कुछ एक इलाके में हल्की बारिश हुई और कहीं-कहीं छींटे पड़े। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी प्रदेश में इसी तरह की स्थिति बनी रहने की संभावना है। इसकी वजह से तापमान में उतार-चढ़ाव होगा, मगर ग्रीष्मलहर जैसे हालात दूसरे पखवाड़े में ही संभव है।

### जेसीबी से तोड़ रहे थे ...

सरोवर पोर्टिको स्थित सीपीएस स्कूल में निर्माण कार्य चल रहा है। यहां जेसीबी मशीन की मदद से स्कूल की दीवार तोड़ी जा रही थी। पीछे तीन बच्चियां खेल रही थीं। ये दीवार उन पर गिर पड़ी। स्कूल प्रबधंन पर बगैर सुरक्षा व्यवस्था असावधानीपूर्वक निर्माण कार्य के आरोप लगे हैं। गर्मी की छुट्टियां होने के कारण घायल बच्चियां घर के समीप ही मैदान में खेल रही थीं, जिस दौरान यह हादसा हुआ। **परेशान होते रहे पालक** : घटना के बाद भी स्कूल प्रबंधन द्वारा थाने में कोई सूचना नहीं दी गई। अभिभावकों को जब इसकी जानकारी मिली तो वे भागते हुए पहुंचे। अस्पताल में बच्चियों की माताएं परेशान होकर यहां-वहां भटकती रहीं। उन्हें घटना की पूरी जानकारी भी नहीं दी गई। बच्चियों द्वारा घटनाक्रम बताए जाने के बाद संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। बच्चियों की स्थिति फिलहाल स्थिर है।

### जिस गोदाम में करोड़ों ..

की गड़बड़ी न हो, इसकी निगरानी के लिए यहां एक भी सीसीटीवी कैमरा चालू नहीं है। हरिभूमि ने इस गोदाम की लाइव पड़ताल की, तो पता चला कि इस गोदाम में सुरक्षा के लिए लगाए गए सभी कैमरे खराब हैं। इधर खराब कैमरों को लेकर गोदाम तकनीकी प्रभारी एवं गोदाम प्रभारी का यही कहना है कि कैमरे खराब हैं, इसकी जानकारी पूर्व में विभाग के अधिकारियों को दी जा चुकी है। नए कैमरे लगाने एवं सुधारने का कार्य मुख्यालय से ही होना है।

**लोडिंग-वजन के कई घंटे बाद रवाना किया जा रहा वाहन** : गाड़ी में चावल की लोडिंग एवं वजन कराने के बाद भी चावल से भरी गाड़ी को उचित मूल्य दुकानों में भेजने में कई घंटे लगाए जा रहे हैं। यहां के एक कर्मचारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि गोदाम प्रभारी जब तक गाड़ी रवानगी कागज पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे, तब तक वाहन को रवाना नहीं किया जाता। मौके पर चावल से भरा एक हाईवा वजन के बाद एक घंटे से अधिक समय से यहां खड़ा था, जिसका चालक गोदाम प्रभारी की अनुमति मिलने का इंतजार कर रहा था।

**लोडिंग-अनलोडिंग के दौरान भारी मात्रा में चावल की हो रही बर्बादी** : गोदाम में राइस मिलों से आने वाले चावल की अनलोडिंग और दुकानों में चावल भेजने के दौरान वाहन में लोड करते समय चावल की बहुत बर्बादी हो रही है। बोरों के फटे होने के कारण बड़ी मात्रा में चावल जमीन पर गिर रहा है, जिससे चावल खराब भी हो रहा है। इस चावल का कोई हिसाब-किताब भी रखा नहीं जा रहा है।

### कैमरों से निगरानी ...

पूरी ऑनलाइन एंट्री होती है। इस एंट्री के दौरान गाड़ी से चावल उतारने के पहले और चावल भरने के बाद गाड़ी के गोदाम में लगे इलेक्ट्रानिक स्मार्ट कांटा मशीन से वजन भी किया जाता है। इस तरह आने और जाने वाली सभी गाड़ियों की जांच एवं एंट्री तो की जाती है, लेकिन इसके बाद भी इसमें गड़बड़ी की संभावना बनी रहती है, क्योंकि चावल से भरी कुल कितनी गाड़ी आई और कितनी गाड़ी रवाना हुई, इसका कोई रिकार्ड सीसीटीवी कैमरे में दर्ज नहीं हो रहा है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# वकील पर चाकू से हमला, अधिवक्ताओं ने घेरा सिविल लाइंस थाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम अज्ञात बदमाशों ने एक वकील पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। बताया जा रहा है, बदमाशों ने नशे की हालत में चाकू से जानलेवा हमला किया है। बदमाशों ने वकील की छाती, पसली और पैर में चाकू से हमला किया है। वकील को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की खबर मिलने के बाद साथी अधिवक्ता आक्रोशित हो गए और कार्रवाई की मांग को लेकर सिविल लाइंस थाने पहुंचे, जहां उन्होंने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की।पुलिस के अनुसार बदमाशों ने रमीज खान पर चाकू से हमला किया है। जिन बदमाशों ने वकील पर चाकू से हमला किया है, उन बदमाशों के साथ वकील के साथ पुराना विवाद है। जो जानकारी मिली है, जिन बदमाशों ने वकील पर चाकू से हमला किया है, उन बदमाशों के साथ वकील का कुछ दिन पूर्व भी विवाद हुआ था। उसी विवाद के कारण बदमाशों ने वकील को सबक सिखाने चाकू से हमला किया है। वकील की शिकायत पर पुलिस बदमाशों की पतासाजी करने में जुटी है। बताया जा रहा है कि देर रात डेढ़ से अधिक वकील थाने पहुंच गए, जहां पुलिस से उन्होंने जल्द कार्रवाई की मांग की।


नशेड़ियों ने नशे की हालत में किया हमला

# लोकभवन में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका के मार्गदर्शन में आज लोकभवन में व्यापक चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर विशेष रूप से महिलाओं के लिये आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा भी उपस्थित थे।शिविर में सामान्य बीमारियों के साथ-साथ हृदय रोग, कैंसर, किडनी, स्त्री रोग और अन्य गंभीर बीमारियों की निशुल्क जांच एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। विशेष रूप से महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की जांच के लिए स्क्रीनिंग भी की गई। लोकभवन स्थित छत्तीसगढ़ मंडपम में जिला प्रशासन रायपुर के 'प्रोजेक्ट छांव' के अंतर्गत आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में लगभग 300 से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

# ऑल इंडिया बार एसोसिएशन के अगले दिन रविवि के पर्चे, छात्र हलाकान

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि की समय-सारिणी ने छात्रों को मुश्किल में डाल दिया है। मामला एलएलबी छठवें सेमेस्टर का है। विश्वविद्यालय द्वारा टैक्सेशन लॉ की परीक्षा 8 जून को सुबह 8 से 11 बजे तक रखी गई है, जबकि ठीक एक दिन पहले 7 जून को ऑल इंडिया बार एसोसिएशन की परीक्षा है।



टैक्सेशन लॉ जैसे कठिन तकनीकी विषय की तैयारी के लिए छात्रों को लगातार दो परीक्षाओं के बीच समय ही नहीं मिल रहा है। सबसे बड़ी समस्या उन छात्रों की है जिनका परीक्षा केंद्र रायपुर से बाहर दूसरे जिलों में है। 7 तारीख को पेपर देकर रात में लौटना और अगले दिन सुबह 8 बजे दूसरे जिले के केंद्र पर पहुंचना नामुमकिन है। इससे सैकड़ों छात्रों का साल बर्बाद हो जाएगा। छात्र अब रविवि प्रबंधन से मांग कर रहे हैं कि परीक्षा तिथियों में बदलाव किया जाए ताकि वे ऑल इंडिया बार एसोसिएशन की परीक्षा में भी शामिल हो सकें।




## प्रत्येक कालेज में 7 प्राध्यापक, 8 सह एवं 10-10 सह-प्राध्यापकों की नियुक्ति

# 5 नए मेडिकल कालेजों में भर्ती की कवायद

# 35 प्रोफेसर समेत 175 पदों पर होगी संविदा भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आगामी शिक्षण सत्र से प्रदेश में पांच नए मेडिकल कालेज खोलने के लिए शासन और चिकित्सा शिक्षा विभाग स्तर पर कवायद शुरू कर दी गई है। एनएमसी को प्रस्ताव भेजने के साथ ही यहां फैकल्टी की व्यवस्था के लिए 35 प्रोफेसर सहित 175 पदों पर भर्ती की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्येक कालेज को 7 प्राध्यापक, 8 सह प्राध्यापक एवं 10-10 सह प्राध्यापकों की नियुक्ति होगी।

प्रदेश में दंतेवाड़ा, कबीरधाम, मनेद्रगढ़, जांजगीर और जशपुर में चिकित्सा महाविद्यालय खोला जाना है। आगामी शिक्षण सत्र से इसमें एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इन कालेजों के खुलने के बाद राज्य में एमबीबीएस की करीब ढाई सौ सीटें और बढ़ जाएगी। कालेजों को प्रारंभ करने के लिए सबसे ज्यादा चुनौती फैकल्टी की व्यवस्था का है। कालेजों में भर्ती किए जाने वाले तमाम पद संविदा आधार पर होंगे इसलिए वर्तमान में प्रचलित वेतन पर इसकी व्यवस्था करना काफी चुनौती भरा होगा।

प्राध्यापक, सह प्राध्यापक और सहायक प्राध्यापक के अलावा इन कालेजों में सीनियर और जूनियर रेसीडेंट की भर्ती भी की जाएगी। इन पदों के लिए 13 मई तक आवेदन मंगाए गए हैं। आवेदन के आधार पर रायपुर के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में 15 एवं 16 मई को इंटरव्यू होगा। खुलने वाले नए चिकित्सा महाविद्यालय अलग-अलग क्षेत्रों में इसलिए भर्ती के लिए साक्षात्कार रायपुर कालेज में केंद्रित किया गया है।



■ दंतेवाड़ा, कबीरधाम, मनेन्द्रगढ़, जांजगीर और जशपुर में खोला जाना है कालेज

### कम वेतन, संविदा बड़ी चुनौती

नए मेडिकल कालेज में की जाने वाली फैकल्टी की भर्ती में संविदा बढ़ा मसला होता है। वर्तमान में सह और सहायक प्राध्यापकों को लाख से सवा लाख रुपए वेतन तय है। इसे लेकर भी असंतोष जैसी स्थिति है इसका उदाहरण विभिन्न कालेजों में रिक्त पदों की भर्ती के लिए समय-समय पर किए जाने वाले इंटरव्यू में बेहद कम चिकित्सा शिक्षकों का आवेदन आना शामिल है।

### तृतीय-चतुर्थ वर्ग की भर्ती

*इन कालेजों में तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों की भर्ती भी की जानी है। जिसके लिए भी आवेदन मंगाए गए हैं। इन कालेजों से मेडिको सोशल वर्कर के 10-10 पदों के साथ सहायक ग्रेड-3, स्टेनोग्राफर, टेक्नीशियन के पदों पर संविदा भर्ती की जानी है। इन पदों पर कितने आवेदन आते हैं, यह आने वाले दिनों में पता चल पाएगा।*







हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 9 मई 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937




### आज आरसीबी और मुंबई इंडियंस स्टेडियम में चार घंटे करेंगे अभ्यास, हार्दिक और सूर्य कुमार भी लेंगे हिस्सा

# आरसीबी को हराने कोच मलिंगा और पोलार्ड ने परखी पिच, रोहित ने नेट्स पर खेले पसंदीदा पुल शॉट

*10 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले मुकाबले में जीत दर्ज करने के लिए मुंबई इंडियंस ने कमर कस ली है। इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के इरादे से मुंबई की टीम ने शुक्रवार को मैदान पर जमकर पसीना बहाया। अभ्यास सत्र में रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर और विल जैक्स समेत अन्य खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और खेल की बारीकियों पर काम किया। हालांकि चोट के कारण बाहर चल रहे हार्दिक पंड्या ने अभ्यास सत्र से दूरी बनाए रखी, जबकि स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भी मैदान पर नजर नहीं आए।*





**रायपुर।** अभ्यास के दौरान टीम के बॉलिंग कोच लसिथ मलिंगा और बैटिंग कोच कीरोन पोलार्ड खिलाड़ियों को टिप्स देते नजर आए। मैदान में पहुंचते ही कोच पोलार्ड ने सबसे पहले पिच का बारीकी से जायजा लिया। रायपुर की पिच पर गेंदबाजों को कितना उछाल मिलेगा और बल्लेबाजों को इसका किस तरह फायदा हो सकता है, यह समझने के लिए खुद पोलार्ड ने करीब 40 मिनट तक बैटिंग की।

## अभ्यास के साथ मस्ती

मैदान में कदम रखते ही खिलाड़ियों ने सबसे पहले स्ट्रेचिंग की और फिर वॉर्म-अप के लिए दौड़ लगाई। हाथ, पैर और कमर की एक्सरसाइज के साथ पूरे शरीर को कड़े अभ्यास के लिए तैयार किया गया। प्रैक्टिस के इस कड़े रूटीन के बीच खिलाड़ियों में हंसी-मजाक और मस्ती का दौर भी चलता रहा। मैदान पर ट्रेंट बोल्ट, मिचेल सेंटनर और नमन धीर के बीच कैच लपकने को लेकर एक दिलचस्प और दोस्ताना स्पर्धा देखने को मिली, जिसमें सभी खिलाड़ी खूब एन्जॉय करते नजर आए। मुंबई इंडियंस ने इस खुशनुमा पल का वीडियो अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर भी फैंस के साथ शेयर किया है।

## छग के खिलाड़ी बनेंगे 'नेट बॉलर्स'

रायपुर पहुंचने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम आज शाम 5 बजे अभ्यास के लिए पहली बार मैदान में उतरेगी। शुक्रवार को 'ट्रेवल डे' होने के कारण खिलाड़ियों ने आराम किया था और टीम स्टेडियम नहीं गई थी। मैनेजमेंट के अनुसार, आज का यह अभ्यास सत्र पूरी तरह से फैंस की एंट्री पर सख्त पाबंदी होगी। आरसीबी का अभ्यास शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा। वहीं, 10 मई के अहम मुकाबले से पहले मुंबई इंडियंस की टीम भी अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आज शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक मैदान पर पसीना बहाएगी। इससे पहले शुक्रवार को भी मुंबई की टीम ने पिच पर जमकर अभ्यास किया था। खास बात यह है कि अभ्यास सत्र के दौरान दोनों ही टीमों के बल्लेबाजों की मदद के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के स्थानीय खिलाड़ी 'नेट बॉलर्स' के रूप में गेंदबाजी करते नजर आएंगे।



## रोहित ने परखा पिच का मिजाज फिर की छक्कों की बारिश

जब हिटमैन रोहित शर्मा नेट प्रैक्टिस के लिए उतरे, तो उन्होंने सबसे पहले पिच के व्यवहार को परखा। गेंद टप्पा खाने के बाद कितनी तेजी से अंदर की ओर आ रही है, इसका अंदाजा लगाने के लिए उन्होंने शुरुआती 20 गेंदों पर संभलकर सभी तरह के ग्राउंडेड शॉट्स खेले। पिच को समझने के बाद रोहित अपने चिर-परिचित आक्रामक अंदाज में आ गए। उन्होंने अपने पसंदीदा पुल शॉट का जमकर अभ्यास किया और स्ट्रेट की दिशा में दर्जनभर से अधिक शानदार छक्के जड़े। इस दौरान उन्होंने बाउंसर, यॉर्कर और शॉर्ट पिच गेंदों का भी डटकर सामना करने का अभ्यास किया। बता दें कि आईपीएल से पहले भी रोहित शर्मा इस मैदान पर चार मैच खेल चुके हैं, ऐसे में उन्हें यहां की पिच और परिस्थितियों का अच्छा खासा अनुभव है, जिसका फायदा टीम को मिल सकता है।

**लाइव इवेंट**

## 'हीट स्ट्रेस' पर मंथन, श्रमिकों के बचाव की रणनीति पर भी चर्चा




**रायपुर।** रायपुर नगर निगम और सेंटर फॉर एन्वॉयरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट द्वारा एमिटी यूनिवर्सिटी के सहयोग से 'रेजिलिएंस इन रायपुरः डेवलपिंग रेजिलिएंस इन वल्नरेबल अर्बन वर्कर्स' विषय पर महत्वपूर्ण गोलमेज चर्चा आयोजित की गई। महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में बढ़ती गर्मी के प्रभावों और विशेष रूप से संवेदनशील शहरी श्रमिकों (निर्माण व स्वच्छता कर्मियों, ठेला-रेहड़ी विक्रेताओं आदि) के बचाव की रणनीतियों पर मंथन हुआ। सीईईडी की डॉ. देवयानी शर्मा ने जलवायु-उत्तरदायी शहरी शासन और सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों पर बल दिया। सत्र में सीईईडी के फील्ड-सर्वेक्षण के निष्कर्ष रखे गए, जिनमें अत्यधिक गर्मी से श्रमिकों में हीट एक्सपोजर, डिहाइड्रेशन, व्यावसायिक जोखिम और कार्यक्षमता में कमी जैसी चुनौतियां सामने आईं। चर्चा में अर्बन हीट आइलैंड प्रभाव को कम करने के लिए बेहतर शहरी नियोजन, हरित अवसंरचना और सतत कूलिंग उपायों पर जोर दिया गया।

### रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर

स्वास्थ्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्मृति देवांगन ने हीट स्ट्रेस प्रबंधन, अर्ली वार्निंग सिस्टम और जन-जागरूकता के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. पियूष पांडे ने बताया कि रायपुर में रात का तापमान अक्सर 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहता है। उन्होंने इसका कारण घटते हरित क्षेत्र, जलाशयों के क्षरण और तीव्र शहरीकरण को बताया। साथ ही 'वेट-बल्ब टेम्परेचर' के प्रभावों और पारंपरिक वास्तुशिल्प को अपनाने पर जोर दिया। प्रभात मिश्रा ने रायपुर के जलाशयों के संरक्षण और पुनर्स्थापन को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने बताया कि जलाशय माइक्रोक्लाइमेट को संतुलित कर हीट आइलैंड प्रभाव को कम करते हैं। उन्होंने झीलों पर अतिक्रमण रोकने, वेटलैंड पुनर्स्थापन और प्रकृति-आधारित समाधान अपनाने का सुझाव दिया ताकि क्लाइमेट रेजिलिएंस और शहरी जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा सके। कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों, शिक्षाविदों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।



## पूल पार्टी के साथ रोटरी क्लब ने मनाया 'चार्टर डे', गेम्स और लाइव म्यूजिक पर झूमे

**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ऐलिगेंस ने अपना 'चार्टर डे' बेहद खास और मनोरंजक अंदाज में मनाया। इस अवसर पर शहर के एक निजी रिसॉर्ट में एक शानदार पूल पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब के सदस्यों और अतिथियों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया। आयोजन के दौरान मनोरंजन का विशेष ध्यान रखा गया। मस्ती भरे गेम्स, विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां और लाइव म्यूजिक ने पार्टी में चार चांद लगा दिए। इसके साथ ही स्वादिष्ट स्नैक्स और रिफ्रेशमेंट का भी सभी ने जमकर लुत्फ उठाया। खुशनुमा माहौल के बीच उपस्थित लोगों ने पूल पार्टी का भरपूर आनंद लिया और एक-दूसरे के साथ बेहतरीन पल साझा किए।

### आपसी जुड़ाव बढ़ाते हैं ऐसे आयोजन

इस शानदार कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की प्रेसिडेंट रोटेरियन नीरू अग्रवाल, सेक्रेटरी रोटेरियन तनुश्री अग्रवाल और चेयरपर्सन रोटेरियन नीतू गोयल की अहम भूमिका रही। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी सदस्यों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल मनोरंजन करते हैं, बल्कि क्लब के सदस्यों के बीच आपसी जुड़ाव, सौहार्द्र और उत्साह को भी बढ़ाते हैं। यह पूल पार्टी सभी के लिए एक यादगार अनुभव बन गई, जिसमें मनोरंजन, गहरी मित्रता और सकारात्मक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

**कार्नर न्यूज**

### इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में 1.88 लाख से अधिक कैंडिडेट होंगे शामिल

# जेईई एडवांस के लिए परीक्षा अंतिम तैयारी में जुटे स्टूडेंट्स, रिवीजन के साथ नोट्स पर दे रहे ध्यान

**रायपुर।** देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम एडवांस्ड का आयोजन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रुड़की कर रही है। आईआईटी रुड़की ने ऑनलाइन आवेदन में 1.88 लाख कैंडिडेट को फॉर्म नंबर जारी किए हैं। यह परीक्षा 17 मई को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। इसको लेकर शहर के प्रतिभागी स्टूडेंट्स एग्जाम को क्रैक करने दिन-रात तैयारी में जुटे हुए हैं। स्टूडेंट्स घर व लाइब्रेरियों में सेल्फ स्टडी के अलावा कोचिंग क्लासेस के माध्यम से खुद को तैयार कर रहे हैं, ताकि उन्हें देश के टॉप इंजीनियारिंग संस्थानों में प्रवेश मिल सके। इस मई और जून में कई बड़े कम्पीटिशन व एंट्रेंस एग्जाम होंगे। ऐसे में सुबह से देर रात तक शहर के नालंदा लाइब्रेरी और देर शाम तक तक्षशिला लाइब्रेरी में प्रतिभागी स्टूडेंट्स तैयारी कर रहे हैं। नालंदा व तक्षशिला लाइब्रेरी स्टूडेंट्स के लिए इन परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने में प्लेटफार्म का काम कर रही है। यही वजह है कि हर वर्ग के स्टूडेंट्स के लिए सर्वसुविधायुक्त लाइब्रेरी पहली पसंद बन गई है। यहां पर स्टूडेंट्स एकाग्र मन से तैयारी कर अपने लक्ष्य को हासिल कर सकें, ऐसा वातावरण उलब्ध कराया गया है।




### तनाव लेने की जरूरत नहीं, कूल होकर दें रिटर्न एग्जाम

मनोवैज्ञानिक चिकित्सक डॉ. अविनाश शुक्ला का कहना है कि जेईई एडवांस के प्रतिभागी परीक्षा से पहले खुद को पूरी तरह से मानसिक तौर पर तैयार कर लें। परीक्षा को लेकर मन पर किसी तरह का तनाव न ले। परीक्षा से पूर्व पढ़ाई के साथ-साथ अपने हॉबी व रचनात्मक गतिविधियों से मन को स्वस्थ व संतुलित रखें, इससे आत्मविश्वास बढ़ेगा और परीक्षा भी अच्छी जाएगी।



### एग्जाम के समय रिवीजन पर करें फोकस

ट्रिपल आईटी के प्रोफेसर डॉ. शैलेश का कहना है कि जेईई एडवांस के प्रतिभागी स्टूडेंट्स को चाहिए कि वह आखिरी समय पर परीक्षा से जुड़े नोट्स के रिवीजन पर फोकस करें। अपने विषयों की टॉपिक्स को अच्छे से समझें, ताकि वे परीक्षा हॉल में पेपर को ठीक से हल कर सकें। मॉडल पेपर से पैटर्न को समझें और एक्सपर्ट्स से परीक्षा को लेकर टाइम मैनेजमेंट, ट्रिक्स का मार्गदर्शन जरूर लें।

## इवेंट अपडेट

### चारित्रिक विकास शिविर में बच्चे जंक फूड और मोबाइल से दूरी बनाकर रख रहे डिजिटल उपवास



रायपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, एचआईजी हाउसिंग बोर्ड में आयोजित विशेष चारित्रिक विकास कार्यक्रम में बच्चों को नैतिक मूल्यों, दिव्य गुणों और सकारात्मक व्यक्तित्व निर्माण की प्रेरणा दी गई। यह कार्यक्रम बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित कर उन्हें चरित्रवान, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए किया जा रहा है। इस दौरान बच्चों को VIP यानी वैल्यू इन पर्सनैलिटी के बारे में बताते हुए कहा कि जब हमारे व्यक्तित्व में वेल्यूज होंगी तभी vip का लेवल हमारा लगा रहेगा। शिविर के दौरान बच्चे जंक फूड और मोबाइल से दूरी बनाकर डिजिटल उपवास भी रख रहे है।

#### मजबूत संकल्प से असंभव कार्य भी संभव

कार्यक्रम में मनीषा बहन ने बच्चों को प्रेरक कहानियों, उदाहरणों और रोचक गतिविधियों के माध्यम से समझाया कि गुण व्यक्ति को गुणवान और चरित्रवान बनाते हैं। उन्होंने बताया कि जैसा हम दूसरों के लिए सोचते हैं, वैसा ही हमारे जीवन में लौटकर आता है। इसलिए सदैव शुभ भावना, सकारात्मक विचार और अच्छे संस्कारों को अपनाना चाहिए। उन्होंने दृढ़ता को सफलता की कुंजी बताते हुए कहा कि मजबूत संकल्प से असंभव कार्य भी संभव हो सकते हैं। बच्चों को गुणग्राहकता, देने की भावना, आत्मनिरीक्षण और परमात्मा के गुणों को जीवन में धारण करने की प्रेरणा दी गई। विशेष उदाहरणों के माध्यम से बताया गया कि जैसे फूल अपनी खुशबू से वातावरण को महकाते हैं, वैसे ही मनुष्य को भी अपने गुणों से समाज में सकारात्मकता फैलानी चाहिए।

● छत्तीसगढ़ कराटे संघ द्वारा नेताजी सुभाष स्टेडियम में 15 दिवसीय बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर

# लाठी के दांव से दुश्मनों को चित करेंगी बालिकाएं आत्मरक्षा की कला कल्लरी पयट्टू में हो रहीं परांगत

छत्तीसगढ़ कराटे संघ द्वारा नेताजी सुभाष स्टेडियम में 15 दिवसीय बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में शहर की 5 साल से लेकर अधिक उम्र की बालिकाएं प्राचीन मार्शल आर्ट कल्लरी पयट्टू की अनोखी आत्मरक्षा की कला में परांगत हो रही हैं। इसमें बालिकाओं को लाठी चालन की विविध दांव-पेंच सिखाए जा रहे हैं। इन पैंतरों का इस्तेमाल कर बालिकाएं आपत्ति के समय दुश्मनों को चित कर सकेंगी।

#### दो पालियों में आत्मरक्षा की ट्रेनिंग

छत्तीसगढ़ कराते संघ के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया कि आत्मरक्षा शिविर में दो पाली में बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहली पाली सुबह 6 बजे से और शाम 6.30 बजे से कराते डू एकेडमी नेताजी सुभाष स्टेडियम परिसर में संचालित की जा रही है। श्री अग्रवाल ने कहा कि शिविर में दक्षिण भारत के प्राचीन मार्शल आर्ट कल्लरी पयट्टू में लाठी की विभिन्न विधाओं की बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



रायपुर। छत्तीसगढ़ कराटे संघ के पदाधिकारी व एक्सपर्ट, अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया कि शहर की बालिकाओं को दक्षिण भारत के प्राचीन मार्शल आर्ट में दक्ष बनाने आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 5 मई से शुरू किया गया है, जो 20 मई तक चलेगा। इस दौरान प्रशिक्षु बालिकाओं को मार्शल आर्ट के विविध कला में परांगत करने के साथ-साथ मार्शल आर्ट कल्लरी पयट्टू की अनोखी आत्मरक्षा की कला लाठी चालन में भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। शिविर में भाग ले रहीं बालिकाओं में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर को लेकर काफी उत्साहित हैं। लाठी चालन की कला में बालिकाओं का साहस और करतब देखते ही बन रहा है। पिछले पांच दिन में ही बालिकाएं लाठियां हवा में ऐसे चला रही हैं, जैसे वे पेशेवर मार्शल आर्ट की उस्ताद हों। शिविर में मार्शल आर्ट के विशेषज्ञ गुरु बालिकाओं को आत्मरक्षा कला का विधिवत प्रशिक्षण दे रहे हैं। शिविर बड़ी संख्या में प्रतिभागी बालिकाएं पहुंच रही हैं।





#### मार्शल आर्ट के पेशेवर कलागुरु सिखा रहे पैंतरे

इस आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में कराते एकेडमी व छत्तीसगढ़ कराते संघ के पेशेवर मार्शल आर्ट के कलागुरु बालिकाओं को आत्मरक्षा के विविध पैंतरा सिखा रहे हैं। इनमें मार्शल आर्ट एक्सपर्ट भविष्य श्रीगंगे और आदित्य झा द्वारा बालिकाओं को लाठी चालन का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एक्सपर्ट ने बताया कि इस शिविर में बालिकाएं बहुत ही उत्साह के साथ भाग ले रही हैं। वहीं स्थानीय स्तर पर छत्तीसगढ़ कराते संघ के सचिव एवं ब्राह्मणपारा वार्ड के पार्षद अजय साहू का सहयोग व मार्गदर्शन मिल रहा है।

#### 40 बालिकाएं प्रशिक्षण में ले रहीं भाग

इस 15 दिवसीय आत्मरक्षा शिविर के लिए 40 बालिकाओं ने अपना पंजीयन कराया है। ये पंजीकृत बालिकाएं शिविर में मार्शल आर्ट की कला का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। शिविर के आयोजकों ने बताया कि इसमें इच्छुक प्रतिभागी बालिकाएं और भी हिस्सा ले सकती हैं। यह शिविर हर साल समर सीजन में आयोजित किया जाता है। इस आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य बालिकाओं के मन से असुरक्षा का भाव को दूर कर उनमें आत्मविश्वास और शारीरिक सुदृढ़ता को बढ़ाना है।

## सोशल इवेंट

### सिंधी साहित्य और संस्कृति को मिलेगी नई दिशा और ऊर्जा, प्रदेश अध्यक्ष बनीं सुषमा



रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुषमा जेठानी को सिंधी साहित्य एकेडमी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स की ओर से सुषमा जेठानी का पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भिलाई-3 पंचायत के अध्यक्ष शमन लाल नथानी तथा वैशाली नगर श्रीराम सिंधी पंचायत के अध्यक्ष दिलीप पवानी ने भी स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में अजय भसीन ने कहा कि यह एक सरल, सहज और सच्चे व्यक्तित्व का सम्मान करने का अवसर है। सुषमा समाज सेवा के कार्यों में भी हमेशा अग्रणी भूमिका निभाती हैं। उनकी नियुक्ति से सिंधी साहित्य एवं संस्कृति को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। जानकारी देते हुए शंकर सचदेव ने बताया कि कार्यक्रम में खुर्सीपार पंचायत, सेक्टर 4 सिंधी पंचायत व समाज के अनेक गणमान्य नागरिक, व्यापारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे तथा सभी ने सुषमा जेठानी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी।

# पोटैटो बैट्री का मॉडल बनाकर समझी विद्युत उत्पादन की विधि, केमिकल राइटिंग पेन से जानी क्रोमैटोग्रॉफी

"साइंस सेंटर में दो दिवसीय ग्रीन क्रॉफ्ट स्टूडियो कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। इस कार्यशाला में विद्यार्थी कम लागत एवं पुनर्चक्रित सामग्री से तैयार किए वैज्ञानिक मॉडल, रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार से रूबरू हुए। कार्यशाला में भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे के वैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों को विज्ञान, रचनात्मकता एवं पर्यावरण संरक्षण को गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धति को सरल व रोचक तरीके से समझाया।"



#### विज्ञान को प्रयोग से समझना आसान



गतिविधि-आधारित कार्यशालाएं विद्यार्थियों को विज्ञान को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर उसे प्रयोगात्मक एवं अनुभवात्मक रूप में समझने का अवसर प्रदान करती हैं। यह कार्यशाला विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण एवं नवाचार आधारित सीखने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। विज्ञान को सरल एवं रोचक तरीके से सीखने के लिए इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वैज्ञानिक मॉडल तैयार करना विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक सोच एवं समस्या समाधान क्षमता विकसित करता है।

रायपुर। कार्यशाला के द्वितीय व आखरी दिन विद्यार्थियों को बैलेंसिंग बर्ड गतिविधि द्वारा गुरुत्व केंद्र की अवधारणा समझाई गई। इसके साथ ही संपल डीसी मोटर गतिविधि के माध्यम से विद्युत एवं चुंबकत्व के सिद्धांतों का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने पोटैटो बैट्री गतिविधि द्वारा रासायनिक ऊर्जा से विद्युत उत्पादन की प्रक्रिया को समझा। वहीं लिफ सेल पेपर क्यूब एवं केमिकल राइटिंग पेन, मैजिकल कलर सेपरेशन जैसी गतिविधियों के माध्यम से वायु प्रसार, चुंबकत्व, अम्ल-क्षार संकेतक एवं क्रोमैटोग्रॉफी जैसी वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल एवं व्यावहारिक तरीके से समझा। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों एवं गतिविधियों की प्रस्तुति आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक अपने मॉडल, उनकी कार्यप्रणाली एवं वैज्ञानिक सिद्धांतों को प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक समझ, रचनात्मकता एवं टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रशांत कविश्वर प्रभारी महानिदेशक छत्तीसगढ रीजनल साइंस सेंटर की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की गतिविधि-आधारित कार्यशालाएं विद्यार्थियों को विज्ञान को केवल पुस्तकीय जान तक सीमित न रखकर उसे प्रयोगात्मक एवं अनुभवात्मक रूप में समझने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण एवं नवाचार आधारित सीखने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

#### प्रमाणपत्र मिलने से विद्यार्थी उत्साहित

कार्यशाला के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों से कुल 40 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की, जिनमें पीएमश्री भरत देवांगन शासकीय विद्यालय खरोरा, डीपीएस सेमरिया, कृष्णा पब्लिक स्कूल डूण्डा, ब्राइटन स्कूल, होली हार्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल, बैरन बाजार, डीपीएस चांपा एवं नवोदय विद्यालय रांची के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर से अमित कुमार मेश्राम वैज्ञानिक-ई एवं डॉ. अमित राम वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के साथ कार्यक्रम समन्वयक प्रज्ञा कदम, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी की उपस्थिति रही।



# जगन्नाथ मंदिर में आज से विराट अखंड हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ

रायपुर। शहर के गायत्री नगर स्थित पावन श्रीजगन्नाथ मंदिर परिसर में दो दिवसीय विराट अखंड हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ का आयोजन होगा। यह आयोजन श्रीजगन्नाथ सेवा समिति द्वारा 9 एवं 10 मई को किया गया है। इस भव्य धार्मिक महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति एवं जगन्नाथ सेवा समिति ने प्रदेशभर के धर्मप्रेमी नागरिकों एवं श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है। श्री जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष एवं रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक एकता का महापर्व है। उन्होंने कहा कि हरिनाम संकीर्तन मनुष्य के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, मानसिक शांति और आध्यात्मिक जागृति का संचार करता है। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर हरे राम, हरे राम, राम-राम, हरे-हरे हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण-कृष्ण हरे-हरे महामंत्र के अखंड संकीर्तन से निरंतर गुंजायमान रहेगा। संकीर्तन की मधुर स्वर लहरियां श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगी।

#### भव्य कलश यात्रा से हुई शुरुआत

आयोजन की शुरुआत 8 मई को शाम 4.30 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। पारंपरिक वेशभूषा एवं धार्मिक ध्वजों के साथ निकाली जाने वाली यह शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही। इसके पश्चात 9 मई को दोपहर 12 बजे महामंत्र नाम उच्चारण एवं अखंड हरिनाम संकीर्तन प्रारंभ होगा। वहीं 10 मई रविवार को पूर्णाहुति, विशेष बैठक तथा विशाल महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया जाएगा। पूर्णाहुति के उपरांत दोपहर 2 बजे श्रद्धालुओं एवं समिति सदस्यों की बैठक भी आयोजित होगी।

#### राज्यपाल-मुख्यमंत्री को दिया न्योता

कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री, विधायक एवं प्रदेशभर से हजारों श्रद्धालुओं को न्योता दिया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आयोजन स्थल पर पेयजल, प्रसाद वितरण, भंडारा एवं पार्किंग सहित व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। लगभग पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए विशेष प्रबंधन किया गया है।

## सिटी इवेंट

### आम की खेती से बदली किसान की तकदीर फलों के उत्पादन के साथ पैकिंग-ग्रेडिंग भी

रायपुर। छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय की बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा रिया शर्मा ने आम की उन्नत खेती पर स्टडी की है। छात्रा ने कृषि पत्रकारिता एवं व्यवहार कौशल विषय के अंतर्गत अम्लेश्वर के प्रगतिशील किसान से आम की उन्नत खेती के बारे में स्टडी की। इस स्टडी में पता चला कि किसान राजेश कुमार शर्मा ने आम की आधुनिक खेती, उत्पादन बढ़ाने की तकनीकों और खेती से आम की खेती को सफल व्यवसाय में बदल दिया। वर्तमान में उनके बगीचे में आम की विभिन्न किस्मों का उत्पादन किया जा रहा है, जिनकी मांग स्थानीय बाजारों के साथ-साथ अन्य जिलों में भी बढ़ रही है। यह आम की खेती केवल फलों के उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे जुड़े पैकिंग, ग्रेडिंग और विपणन जैसे कार्यों से भी ग्रामीण युवाओं को रोजगार मिल रहा है। किसान ने ड्रिप सिंचाई, जैविक खाद और समय-समय पर पौधों की देखभाल से उत्पादन में बढ़ोतरी की। कृषि विभाग एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़कर नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त करते रहे हैं। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आम की खेती किसानों के लिए आय और रोजगार का एक मजबूत माध्यम बन सकती है। आधुनिक तकनीकों और नई कृषि पद्धतियों को अपनाकर किसान न केवल उत्पादन बढ़ा सकते हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में भी आगे बढ़ सकते हैं।

#### छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय की छात्रा ने आम की उन्नत खेती पर की स्टडी



#### किसानों के लिए बन रहे प्रेरणा

किसान राजेश कुमार शर्मा प्रदेश के अन्य किसानों के लिए एक प्रेरणा बन रहे हैं। अब कृषि केवल पारंपरिक कार्य नहीं, बल्कि रोजगार और आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम है। युवा किसान अब नई सोच और तकनीक के साथ खेती को अपनाएं तो वे अच्छी आय और रोजगार अर्जित कर सकते हैं।

देशभर से साधु-साध्वीवृंद और श्रद्धालु होंगे शामिल

# नवकार नगर में सजेगा आस्था का महाकुंभ, भव्य जैन पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव होगा 9 से 15 मई तक

कार्नर न्यूज

रायपुर। लालपुर स्थित नवकार नगर में 9 से 15 मई तक जैन समाज का ऐतिहासिक और भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया गया है। धर्मनिष्ठ स्व. वीरचंदजी डागा एवं सरोजदेवी डागा परिवार के सौजन्य से निर्मित श्वेत पाषाण के भव्य श्री मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय एवं श्री मणिधारी जिनचंद्रसूरि दादावाड़ी की अंजनशलाका प्रतिष्ठा इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण होगी। आयोजन को लेकर जैन समाज में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का विशेष वातावरण है। इस भव्य धार्मिक आयोजन में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वहीं देशभर से साधु-साध्वीवृंद, श्रद्धालु, गणमान्य नागरिक और विभिन्न शहरों से आने वाले संघ बड़ी संख्या में भाग लेंगे। आयोजन के दौरान नवकार नगर पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा, धार्मिक अनुष्ठानों, मंत्रोच्चार और भक्ति के वातावरण से सराबोर रहेगा। महोत्सव का शुभारंभ 10 मई को पूज्य गुरु भगवंतों के भव्य वरघोड़ा प्रवेश के साथ होगा। इस दौरान जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों की 24 भव्य पालकियां निकाली जाएंगी, जिनकी अगवाई विभिन्न शहरों से आए संघ गाजे-बाजे और पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ करेंगे।





#### श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं

आयोजन समिति के अध्यक्ष विवेक डागा के अनुसार, महोत्सव की सफलता के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवास, भोजन, परिवहन एवं सुरक्षा की विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। आयोजन स्थल को आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, भव्य सजावट और पारंपरिक कलात्मक डिजाइनों से सुसज्जित किया जा रहा है। समिति ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित करने और इस ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बनने का आग्रह किया है। यह महोत्सव न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि सामाजिक एकता, संस्कार, सेवा और आध्यात्मिक चेतना को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

#### निर्वाण कल्याणक के 108 अभिषेक होंगे

11 मई को च्यवन कल्याणक के अंतर्गत माता-पिता, इन्द्र-इन्द्राणी, प्रतिष्ठाचार्य एवं धर्माचार्य पूजन, चौदह स्वप्न दर्शन और रात्रि में विशेष स्टेज कार्यक्रम आयोजित होगा। 12 मई को जन्म कल्याणक के अवसर पर छप्पन दिक्कुमारीकाओं द्वारा इन्द्राणी महोत्सव, 64 इन्द्रों द्वारा मेरुपर्वत पर अभिषेक, नामकरण, पाठशाला गमन, मामेरा, लग्नोत्सव एवं राज्याभिषेक जैसे धार्मिक अनुष्ठान होंगे। शाम को गाँव सांझी एवं मेहंदी कार्यक्रम तथा रात्रि में प्रभु भक्ति का आयोजन किया जाएगा। 13 मई को दीक्षा कल्याणक के अवसर पर भव्य रथयात्रा, दीक्षा स्नान, पंच मुष्ठि लोच और दीक्षा विधि संपन्न होगी। इसी दिन अंजनशलाका विधान भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें अंतरिक्ष पार्श्वनाथ विराजमान होने वाली प्रतिमा की अंजन शलाका क्रिया संपन्न होगी। शाम को अंजन घोटना, रेशमी वस्त्र अर्पण और रात्रि में केवलज्ञान एवं निर्वाण कल्याणक के 108 अभिषेक होंगे।

सिटी स्पोर्ट्स

## लू की चपेट में आने से पहले शरीर में दिखते हैं ये बदलाव, आज ही जान लें



इन दिनों देश में कई जगह तेजी से तापमान बढ़ता जा रहा है। इससे लू लगने का खतरा भी बढ़ गया है, लेकिन आपको बता दें कि लू अचानक से नहीं लगता है। हमारा शरीर पहले ही कई संकेत देने लगता है। आपको लू लगने के शुरुआती लक्षणों के बारे में जानना चाहिए।

इन दिनों भारत के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और हीट वेव का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। टेंपरेचर तो बढ़ ही रहा है, साथ ही हीट स्ट्रोक यानी लू लगने के मामले भी तेजी से देखने को मिल रहे हैं। लू लगने से न केवल चक्कर आने, थकान या कमजोरी लगती, बल्कि कई बार ये स्थिति जानलेवा भी हो जाती है। ध्यान देने वाली बात तो ये है कि लू अचानक से नहीं लगता बल्कि हमारा शरीर पहले ही कई संकेत देने लगता है, जिसे आमतौर पर लोग इग्नोर कर देते हैं।

ऐसे में हमने इस बारे में जानने के लिए आकाश हेल्थकेयर के सीनियर कंसल्टेंट एंड एचओडी, इंटरनल मेडिसिन डॉ. राकेश पंडित से बात की। उन्होंने बताया कि जब शरीर लंबे समय तक ज्यादा गर्मी में रहता है और खुद को ठंडा नहीं कर पाता, तब हीट स्ट्रोक की स्थिति बनती है। अगर समय रहते लक्षणों को पहचान लिया जाए तो इलाज आसानी से हो जाता है। आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से -

### लू लगने से पहले शरीर में दिख सकते हैं ये बदलाव



हीटवेव के दौरान शरीर में पानी की कमी होने लगती है। ऐसे में बार-बार आपको प्यास लगने, मुंह सूखने और होंठों के फटने जैसी दिक्कतें होती हैं। इसके अलावा शरीर का टेंपरेचर बढ़ने पर ब्लड सर्कुलेशन पर भी असर पड़ता है। इसकी वजह से सिर भारी लगना, चक्कर आना और कमजोरी महसूस हो सकती है।

शुरुआती स्टेज में हमारा शरीर खुद को ठंडा करने के लिए ज्यादा पसीना निकलता है, लेकिन कई बार स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि पसीना भी आना बंद हो जाता है। ये हीट स्ट्रोक का खतरनाक संकेत माना जाता है।

वहीं, गर्मी में शरीर से नमक और इलेक्ट्रोलाइट्स तेजी से बाहर निकलते हैं, जिससे हाथ-पैरों और मसल्स में दर्द की समस्या होती है। लू लगने से पहले कई लोगों को बेचैनी और घबराहट तो होती ही है, तो वहीं कुछ लोगों की हार्टबीट भी काफी तेज होने लगती है। कई बार तो स्किन पर भी रेडनेस देखने को मिलता है।

### किन लोगों को होता है ज्यादा खतरा?

बुजुर्गों,छोटे बच्चे,डायबिटीज और हार्ट के मरीज, हाई ब्लड प्रेशर के मरीज, बाहर काम करने वाले लोग, पानी कम पीने वाले लोग पर लू का खतरा ज्यादा होता है।

### लू से बचने के लिए क्या करें?

डॉक्टर राकेश ने बताया कि गर्मियों में शरीर को हाइड्रेट रखना सबसे जरूरी है। इसके अलावा कुछ सावधानियां अपनाकर हीट स्ट्रोक के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### बचाव के लिए इन बातों का रखें ध्यान



दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। धूप में निकलते समय सिर को ढकें । दोपहर 12 से 4 बजे के बीच बाहर न जाएं । हल्के और ढीले कपड़े पहनें । ओआरएस, नींबू पानी और नारियल पानी पिएं और कैफीन और अल्कोहल से दूरी बनाए रखें। अगर आप लक्षणों को पहचान लेंगे तो हीट स्ट्रोक से बचा जा सकता है। लू से बचने के लिए भरपूर पानी (प्यास न लगने पर भी), ओआरएस , छाछ, या कच्चे आम का पन्ना पिएं। दोपहर 12 से 4 बजे के बीच बाहर न निकलें, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें और सिर ढक कर रखें। अत्यधिक गर्मी में बाहर काम करने से बचें, सीधे धूप से बचाव के लिए छाता इस्तेमाल करें। लू से बचने के मुख्य उपाय में हाइड्रेशन दिन भर में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी, और आम पन्ना का सेवन करें।बाहर निकलने से बचें: सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच धूप में निकलने से बचें, जब धूप सबसे तेज होती है।सुरक्षात्मक कपड़े: बाहर जाते समय हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनें। सिर को टोपी, स्कार्फ या छाते से ढकें।घर को ठंडा रखें: दिन में खिड़कियां-पर्दे बंद रखें और शाम/रात में हवा के लिए खोलें।

# अगर हेल्थ खराब है तो शरीर नहीं सोख पाएगा विटामिन बी-12, आपकी आंतों का स्वस्थ होना बेहद जरूरी

क्या आप जानती हैं कि शरीर में विटामिन B12 के सही अवशोषण के लिए आंतों के स्वास्थ्य का सही होना बेहद जरूरी होता है। एक्सपर्ट के अनुसार, सिर्फ बी 12 युक्त फूड्स खाना ही काफी नहीं, बल्कि प्रोबायोटिक्स और प्रीबायोटिक्स के सेवन से गट हेल्थ को बेहतर बनाना भी जरूरी है।

विटामिन बी-12 शरीर के लिए बेहद जरूरी पोषक तत्व है।

यह शरीर में एनर्जी बनाने, नर्व्स को हेल्दी रखने और रेड ब्लड सेल्स के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। इसकी कमी होने पर थकान, कमजोरी, हाथ-पैरों में झनझनाहट, याददाश्त कमजोर होना और मूड स्विंग जैसी समस्याएं हो सकती हैं। हालांकि सिर्फ बी12 युक्त चीजें खाना ही काफी नहीं है, बल्कि शरीर में इसका सही तरीके से अवशोषण होना भी जरूरी है। इसके लिए गट हेल्थ यानी आंतों की सेहत और माइक्रोबायोम का हेल्दी होना बहुत जरूरी माना जाता है।

सीओए बायोहैकिंग क्लिनिक और लाउंज की क्लिनिकल न्यूट्रिशनिस्ट रिया ओसवाल के अनुसार, अगर आप विटामिन बी-12 का लेवल नेचुरली बढ़ाना चाहती हैं, तो डाइट के साथ-साथ गट हेल्थ पर भी ध्यान देना जरूरी है। विटामिन बी-12 के नेचुरल सोर्स और अपनी डेली डाइट में शामिल करने का आसान तरीका आपको जरूर जानना चाहिए।



### डेयरी प्रोडक्ट्स (दूध, दही, पनीर)

शाकाहारी लोगों के लिए डेयरी प्रोडक्ट्स विटामिन बी-12 का अच्छा स्रोत माने जाते हैं। खासकर दही में मौजूद प्रोबायोटिक्स आंतों को हेल्दी रखते हैं, जिससे शरीर अन्य पोषक तत्वों को भी बेहतर तरीके से अवशोषित कर पाता है।

### डाइट में कैसे शामिल करें?

दोपहर के खाने के साथ 1 कटोरी दही लें। दिन में एक गिलास छाछ पी सकती हैं। पनीर को सलाद, सैंडविच या सब्जी में शामिल करें। रात में हल्दी वाला दूध भी अच्छा विकल्प हो सकता है।




अंडे की जर्दी विटामिन बी-12 और हेल्दी फैट्स का अच्छा स्रोत होती है। यह लंबे समय तक पेट भरा रखने में मदद कर सकती है और शरीर को एनर्जी देती है।

### डाइट में कैसे शामिल करें?

सुबह ब्रेकफास्ट में उबले अंडे खाएं। वेजिटेबल आमलेट बनाकर खा सकती हैं। अंडे को पालक या दूसरी हरी सब्जियों के साथ खाएं, इससे फाइबर भी मिलेगा।

### मछली (सैल्मन, सार्डिन, टूना)

फैटी फिश में विटामिन बी-12 भरपूर मात्रा में पाया जाता है। साथ ही इनमें मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड शरीर में सूजन कम करने और गट हेल्थ को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं।

### डाइट में कैसे शामिल करें?




हफ्ते में 2-3 बार ग्रिल्ड या बेक्ड फिश खाएं। फिश करी को ब्राउन राइस के साथ ले सकती हैं। फिश सलाद भी हेल्दी ऑप्शन हो सकता है।

### चिकन और मीट

लीन मीट शरीर को आसानी से अवशोषित होने वाला विटामिन बी-12 देता है। यह शरीर की कमजोरी दूर करने और मसल्स हेल्थ के लिए भी फायदेमंद माना जाता है।

### डाइट में कैसे शामिल करें?

ग्रिल्ड चिकन को सलाद के साथ खाएं। मीट को ज्यादा तेल-मसाले में पकाने से बचें। इसे मल्टीग्रेन रोटी या ब्राउन राइस के साथ लें।




## स्मार्टफोन से दूरी है जरूरी, रोज 60 मिनट के डिजीटल डिटॉक्स के ढेर सारे फायदे

क्या रात को आपको ठीक से नींद नहीं आती? मन बेचैन रहता है और सुबह उठने पर भी थकान महसूस होती है? इन लक्षणों के पीछे एक अहम वजह गैजेट्स से लगातार जुड़े रहने की आदत हो सकती है। इससे छुटकारा पाने के लिए डिजिटल डिटॉक्स जरूरी है।

आज की व्यस्त दिनचर्या में 'डिजिटल डिटाक्स' शब्द तेजी से चर्चा में आया है। इसका सीधा मतलब है, कुछ समय के लिए मोबाइल, लैपटॉप और अन्य गैजेट्स से दूरी बनाना। आज ज्यादातर काम फोन के जरिए होते हैं, लेकिन काम के अलावा भी हम बार-बार फोन चेक करते रहते हैं।

### नींद न आने की समस्या हो सकती है दूर

कई शोध बताते हैं कि दिन में कम से कम एक घंटा डिजिटल डिटॉक्स करना फायदेमंद है। इससे नींद की गुणवत्ता सुधरती है, शरीर ज्यादा ऊर्जावान महसूस करता है और रचनात्मकता भी बढ़ती है। बावजूद इसके, ज्यादातर लोग यह तय नहीं कर पाते कि डिटॉक्स कब और कितनी देर किया जाए। निमहंस के अनुसार, 2026 में भारतीय औसतन 7 से 8 घंटे रोज स्क्रीन पर बिताते हैं, जो मानसिक थकान का एक बड़ा कारण है।

न्यूरोसाइंस के मुताबिक, दिमाग को 'रीसेट' करने के लिए थोड़े समय का ब्रेक ही काफी होता है। जब हम फोन, टीवी और अन्य डिजिटल उपकरणों से कुछ समय के लिए दूर रहते हैं, तो मस्तिष्क को आराम मिलता है। यह आराम सिर्फ थकान कम करने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि दिमाग में नई कोशिकाओं के निर्माण को भी बढ़ावा देता है।

### निमहंस का 'शट' प्रोजेक्ट

निमहंस का 'शट' (सर्विस फार हेल्दी यूज आफ टेक्नोलाजी) क्लिनिक तकनीक के अधिक उपयोग से होने वाली समस्याओं के उपचार पर काम करता है। यह भारत का पहला डी-एडिक्शन क्लीनिक है, जहां ऐसी समस्याओं से जूझ रहे लोगों का इलाज होता है।

# दाल-चावल ही नहीं, घर के इन कामों में भी कमाल दिखाता है प्रेशर कुकर



प्रेशर कुकर को हम अक्सर सिर्फ दाल-चावल बनाने या सब्जियां उबालने में इस्तेमाल करते हैं, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि यह किचन का एक ऐसा मल्टी-टास्किंग गैजेट है जो कुकिंग के अलावा भी कई कामों में कमाल दिखाता है। यह उन कामों को भी आसान कर देता है जिनमें बहुत मेहनत लगती है। चाहे घर की सफाई हो या किसी चीज को कीटाणुरहित हो करना, प्रेशर कुकर एक स्मार्ट टूल की तरह काम आता है। अगर आप इसका सही इस्तेमाल जानती हैं, तो यह आपकी रोजमर्रा की जिंदगी को काफी सरल बना सकता है।

### इंस्टेंट स्टीम आयरन के लिए करें इस्तेमाल

अचानक कहीं बाहर जाना हो, तो प्रेशर कुकर एक बेहतरीन देसी आयरन बन सकता है। कुकर में थोड़ा पानी भरकर गर्म करें। जब तल पूरी तरह गर्म हो जाए, तो इसे सावधानी से कॉटन के कपड़ों की सिलवटों पर फेरें। कुकर का भारी बेस और गर्माहट प्रेस की तरह काम कर कपड़ों को तुरंत चकाचक कर देती है।

### कांच की बोतलों और जार को कीटाणुरहित करना

प्रेशर कुकर का इस्तेमाल आप चीजों को पूरी तरह से साफ और कीटाणु मुक्त करने के लिए कर सकते हैं। अगर आप घर में अचार या जैम बना रहे हैं, तो कांच की बोतलों को कुकर में थोड़ा पानी डालकर एक सीटी आने तक भाप दें। इससे सभी बैक्टीरिया मर जाते हैं। यही तरीका बच्चों की दूध की बोतल साफ करने के लिए भी सबसे बेस्ट है। यह बाजार में मिलने वाले महंगे स्टेरलाइजर जैसा ही काम करता है।

### स्टीम क्लीनिंग के लिए इस्तेमाल

अगर आपके घर में किसी चीज पर जिद्दी मैल जम गई है, तो कुकर की भाप उसे ढीला करने में मदद कर सकती है। कुकर में पानी भरकर उसे गैस पर रखें और सीटी हटाकर उस पर एक पाइप फिट कर दें। पाइप से निकलने वाली गर्म भाप को गंदी जगहों या टाइल्स के कोनों पर मारें। इससे जमी हुई चिकनाई और गंदगी आसानी से पिघल जाएगी और आप उसे कपड़े से पोंछकर साफ कर सकते हैं। यह ट्रिक भारी पर्दों की सिलवटें हटाने में भी काम आती है।


















## न्यूज़ीलैंड का फ़ैशन

न्यूज़ीलैंड फ़ैशन वीक कहुरिया के दौरान मॉडल सेसिलिया कांग कुटूर और ने डिजाइनर एस्टेल का शानदार कलेक्शन पेश किया। जिसमें एक सहायक को इस पूरी घेर वाली ड्रेस के पिछले हिस्से (ट्रेन) को ठीक करने में काफी मशक्कत करनी




लाइफ स्टाइल

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टॉम हॉलैंड को है क्रोशिया का शौक; बोले- 'इससे दिमाग शांत रहता है'



चर्चित हॉलीवुड एक्टर टॉम हॉलैंड इन दिनों जेंडाया के साथ अपनी शादी की अफवाहों को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने अपने एक शौक पर दिलचस्प खुलासा किया है। एक्टर को बुनाई का शौक है। वे क्रोशिया की प्रैक्टिस करते हैं। हॉलीवुड सेलेब्स जेंडाया और टॉम हॉलैंड काफी वक्त से अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। कथित तौर पर इस कपल ने शादी रचा ली है। हालांकि, दोनों की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। शादी की अफवाहों के बीच टॉम हॉलैंड हाल ही में अपनी एक हॉबी के बारे में बात करते दिखे। दरअसल, उन्हें क्रोशिया का शौक है। उनका यह शौक अब पार्टनर जेंडाया को भी हो चला है और दोनों घर पर साथ में इसकी प्रैक्टिस करते हैं। टॉम हॉलैंड ने हाल ही में यह खुलासा किया कि वे और उनकी पार्टनर जेंडाया फुरसत के पलों में घर पर साथ में क्रोशिया करना पसंद करते हैं। टॉम हॉलैंड ने हाल ही में लॉस एंजेलिस में आयोजित 'बेरो पैडल क्लासिक' इवेंट के दौरान इस बात का खुलासा किया।

### टॉलीवुड

## प्रभास की फिल्म 'फौजी' की शूटिंग रुकी, हैदराबाद में हुआ बड़ा हादसा



प्रभास की आने वाली फिल्म 'फौजी' की शूटिंग को एक दर्दनाक हादसे के बाद रोक दिया गया है। एक्टर प्रभास इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'फौजी' की शूटिंग में व्यस्त हैं, लेकिन एक बड़े हादसे के चलते उन्हें इस फिल्म की शूटिंग रोकनी पड़ गई है। हैदराबाद के पास हुए एक सड़क हादसे में फिल्म यूनिट के एक मेंबर की मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हो गए। जानिए क्या है पूरा मामला।

यह हादसा उस समय हुआ जब फिल्म की टीम शूटिंग के लिए रामोजी फिल्म सिटी की ओर जा रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वाहन अब्दुल्लापुरमेट के पास अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से टकरा गया। यह घटना चोटूप्पल पुलिस स्टेशन क्षेत्र के टूपरंपेट ब्रिज के पास हुई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना के बाद फिल्म की शूटिंग फिलहाल रोक दी गई है।

### भोजपुरी

## 'एक रात की दुल्हन' में कुछ छुपा है घूंघट के पीछे, जिसके बाद खौफ में बदल जाएगी सारी खुशी



भोजपुरी हॉरर फिल्म ''एक रात की दुल्हन' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस ट्रेलर को शेयर करते हुए लिखा गया है- क्या होगा जब एक रात की खुशी, उम्र भर के खौफ में बदल जाएगी? क ऐसी रात से शुरू होती है जहां डर का साया हर कदम पर आपका पीछा करेगा। भोजपुरी फिल्म 'एक रात की दुल्हन' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ये फिल्म एक पारिवारिक ड्रामा से शुरू होती है और फिर धीरे-धीरे ये कहानी एक ऐसी काली अंधेरी रात में तब्दील हो जाती है, जिससे पीछा छुड़ाना मुश्किल है। एक गरीब परिवार की बेटी दुल्हन बनकर अपने ससुराल पहुंचती ही है कि दहलीज पार करने से ही तानों और नफरत की बौछार होने लगती है। इश्तियाक शेख बंटी द्वारा निर्देशित इस फिल्म को नूर सबा शेख ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में ज्योति मिश्रा लीड रोल में हैं। उनके अलावा अमित शुक्ला, अयाज़ खान, सोनी राज, सीमा यादव जैसे तमाम कलाकार फिल्मों में हैं।

# शादियों के लिए परफेक्ट हैं मीनाकारी वर्क वाले ये शाही कड़े

अगर आपको भी तीज त्योहार पर चूड़ी सेट पहनना बहुत पसंद है, तो अब आप किसी भी खास मौके पर अपने हाथों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए और गॉर्जियस लुक पाने के लिए कुछ लेटेस्ट और नए डिजाइन वाले मीनाकारी कड़े को शामिल कर सकती हैं। शादी-ब्याह हो या फिर कोई खास फंक्शन अधिकतर महिलाएं खासकर ऐसी महिलाएं, जो शादीशुदा है। वह अपने हाथों में एक से एक चूड़ा सेट पहनना पसंद करती हैं, लेकिन अब आप चूड़ियों के सेट के बीच कुछ नए डिजाइन वाले मीनाकारी कड़ा ऐड कर अपने पूरे चूड़ी सेट की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं। आइए जानते हैं इन लेटेस्ट और नए मीनाकारी कड़ा डिजाइंस के बारे में।

### नवरत्न मीनाकारी सिंगल कड़ा

अगर आप भी अपने हाथों की खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए और स्टाइलिश लुक पाने के लिए एक से एक खूबसूरत चूड़ी सेट पहनना पसंद करती हैं, तो चूड़ी के सेट में आप इस तरह के नवरत्न मीनाकारी सिंगल कड़ा डिजाइन को शामिल कर सकती हैं। इसे आप कुछ चूड़ी आगे और बीच में इस



खूबसूरत कड़े को शामिल कर कुछ चूड़ी पीछे रखकर एक परफेक्ट सेट बना सकती हैं।

### मल्टी कलर बीड्स मीनाकारी

आपके लिए इस तरह का मल्टी कलर बीड्स मीनाकारी बैंगल्स भी बेस्ट हो सकता है, जो आपको ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट पर मिल जाएगा या फिर नजदीकी बाजार में आप ज्वेलरी शॉप से इस तरह के कड़े खरीद सकती हैं। इसे आप अलग-अलग तरह की चूड़ियों के साथ शामिल करें परफेक्ट सेट बनाकर हाथों में पहन सकती हैं। यह आपके हाथों की खूबसूरती को डबल कर देंगे।

### सर्कुलर फ्लावर कुंदन वर्क

अगर आप भीड़ से हटकर लुक पाना चाहती हैं और किसी भी खास फंक्शन या इवेंट में साड़ी पहनकर जा रही हैं, तो अपने साड़ी लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए आप इस तरह के सर्कुलर फ्लावर कुंदन वर्क मीनाकारी कड़े के साथ कुछ चूड़ियां शामिल कर अपने पूरे लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। ऐसे मीनाकारी कपड़े डिजाइंस इन दिनों काफी चलन में है, जो आपके लिए भी परफेक्ट हो सकते हैं।

### मल्टीकलर मोती स्क्वायर शेप

यही नहीं हाथों की खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए और अपने लुक को परफेक्ट और स्टाइलिश बनाने के लिए आप इस तरह के मल्टीकलर मोती स्क्वायर शेप मीनाकारी कड़ा को भी अलग-अलग तरह की चूड़ियों के साथ शामिल कर अपने पूरे लुक को अट्रैक्टिव बना सकती हैं। ऐसे कड़े डिजाइंस आपको ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट पर मिल सकते हैं।

# तफरीह के दौरान हर जगह के लिए अपनाएं गर्मी के खास आउटफिट



गर्मियों में बीच और हिल्स के लिए ड्रेसिंग अलग होती है। समुद्र तट के लिए हल्के, कॉटन और ढीले कपड़े चुनें। सनग्लासेस, हैट और सनस्क्रीन जरूर रखें। हिल्स के लिए लेयरिंग अपनाएं जैसे जैकेट, शॉल। आरामदायक फुटवियर चुनें। ओवर पैकिंग से बचें और मिक्स-एंड-मैच आउटफिट रखें।

गर्मियों का मौसम आते ही लोग छुट्टियों की योजना बनाना शुरू कर देते हैं। कोई ठंडी पहाड़ियों की ओर निकल पड़ता है, तो कोई बीच पर सन, सैंड और सी का मजा लेने जाता है। लेकिन सफर का असली मजा तब आता है जब आपका स्टाइल और कम्फर्ट दोनों सही हों। कई बार हम गलत कपड़े पैक कर लेते हैं, जिससे या तो बहुत गर्मी लगती है या फिर ठंड से परेशानी होती है। साथ ही आपका लुक भी खराब हो जाता है।

बीच और हिल स्टेशन, दोनों की वाइब, मौसम और जरूरतें पूरी तरह अलग होती हैं, इसलिए इनके लिए ड्रेसिंग भी अलग होनी चाहिए। जहां बीच पर हल्के, ब्रेथेबल और कूल आउटफिट्स जरूरी हैं, वहीं हिल्स में लेयरिंग और स्मार्ट वॉर्म कपड़े अहम होते हैं। हम आपको बताएंगे कुछ आसान और ट्रेंडी ड्रेसिंग टिप्स, जिनकी मदद से आप अपनी गर्मियों की ट्रिप को और भी स्टाइलिश बना सकते हैं। चाहे आप गोवा के बीच जा रहे हों या मनाली की पहाड़ियों में, ये टिप्स आपको हर जगह परफेक्ट लुक देंगे।

### बीच के लिए चुनें हल्के और ब्रेथेबल कपड़े

बीच पर गर्मी और नमी ज्यादा होती है, इसलिए कॉटन, लिनन और रेयान जैसे फैब्रिक सबसे अच्छे रहते हैं। लूज टी-शर्ट, शॉर्ट्स, मैक्सी ड्रेस और काफ्तान आपके लिए परफेक्ट विकल्प हैं। ये आपको कूल और स्टाइलिश दोनों रखते हैं।

### हिल्स के लिए अपनाएं स्मार्ट लेयरिंग

हिल स्टेशन पर मौसम अचानक बदल सकता है। दिन में हल्की गर्मी और रात में ठंड हो सकती है। इसलिए टी-शर्ट के साथ लाइट जैकेट, हुडी या शॉल जरूर रखें।



# वर्किंग वुमन के लिए बेस्ट हैं ये लेटेस्ट डिजाइनर बैग्स

अगर आप भी वर्किंग वुमन हैं और रोजाना ऑफिस जाती हैं, तो अब अपने ऑफिस लुक को खास बनाने के लिए आप कुछ लेटेस्ट और नए डिजाइन वाले हैंडबैग को शामिल कर अपने ऑफिस लुक को कम्पलीट कर सकती हैं। अगर आप भी वर्किंग वुमन हैं और रोजाना ऑफिस जाती हैं, तो अपने ऑफिस लुक को परफेक्ट बनाने के लिए आप कुछ लेटेस्ट और नए डिजाइन वाले हैंडबैग शामिल कर सकते हैं, जो आपके लुक को खास बना देंगे। आज हम आपको इस खबर में कुछ बेहतरीन हैंडबैग डिजाइन के बारे में बताएंगे, जिसमें आप अपने सभी सामान आराम से रख सकती हैं साथ ही स्टाइलिश लुक भी पा सकती हैं।

### ओवरसाइज़्ड डबल पॉकेट टोट बैग

अगर आपको भी एक से एक खूबसूरत हैंडबैग शामिल करना बहुत पसंद है और आप हमेशा नए और लेटेस्ट डिजाइन वाले हैंडबैग की तलाश में रहती हैं, तो परेशान होने के बजाय आप इस तरह के ओवरसाइज़्ड डबल पॉकेट टोट बैग को शामिल कर अपने ऑफिस लुक को खास बना



सकती हैं। यह आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा। अगर आप अपने ऑफिस में एक जैसे हैंड बैग लेजाकर परेशान हो गई हैं और अब कुछ डिफरेंट और नया ट्राई करने का सोच रही हैं, तो परेशान होने के बजाय आप इस तरह के डेनिस ओवरसाइज डिटैचेबल स्लिंग हैंड बैग को शामिल कर सकती हैं।

# मोरिंगा पाउडर में इन 3 चीजों को मिलाकर बनाएं फेसपैक, झाइयां हो जाएंगी कम आप

मोरिंगा पाउडर यह त्वचा को पोषण देकर उसे सॉफ्ट, स्मूथ और ग्लोइंग बनाता है। इससे बनने वाले फेसपैक की विधि जरूर जानिए। जो आपकी त्वचा को झाइयों की समस्या से बचा सकता है।

आजकल त्वचा से जुड़ी समस्याएं जैसे पिगमेंटेशन, झाइयां और डलनेस काफी आम हो गई हैं। धूप, प्रदूषण और अनियमित लाइफस्टाइल के कारण स्किन अपनी नेचुरल चमक खोने लगती है। ऐसे में हर कोई बाजार में आ रही महंगी और केमिकल वाली क्रीम का इस्तेमाल करने लगता है। लेकिन यह क्रीम फायदे कम और नुकसान ज्यादा पहुंचाती हैं। ऐसा हमने ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से आसान और असरदार उपाय पूछा, झाइयों के समस्या को कम कर सकता हो। रेनू बताती हैं, ₹शरीर में कोलेजन की कमी के कारण चेहरे पर झाइयां नजर आने लग जाती हैं। ऐसे में अगर त्वचा को कोलेजन की उचित मात्रा मिल जाए, तो झाइयां कम और हल्की पड़ जाती है। मोरिंगा पाउडर कोलेजेन से भरपूर होता है और इससे घर पर ही फेस पैक तैयार किया जा सकता है।



### मोरिंगा पाउडर फेस पैक की सामग्री

इस फेस पैक को बनाने के लिए आपको ज्यादा चीजों की जरूरत नहीं है। आप आसानी से घर पर ही इसे तैयार कर सकती हैं। जिसमें 1 बड़ा चम्मच मोरिंगा पाउडर, 1 बड़ा चम्मच शहद, 1 छोटा चम्मच गुलाब जल और 1 छोटा चम्मच नींबू का रस चाहिए। इस फेस पैक को तैयार करना बेहद आसान है। सबसे पहले एक साफ बाउल लें और उसमें मोरिंगा पाउडर डालें। अब इसमें शहद मिलाएं, जिससे पैक को नमी और स्मूथ टेक्सचर मिलेगा। इसके बाद गुलाब जल और नींबू का रस डालकर सभी चीजों को अच्छी तरह मिक्स कर लें।

## कार्नर न्यूज

### अपने ऑफिस लुक को डिफरेंट और खास बनाइए

# ऑफिस में कॉन्फिडेंस देखने के लिए पहनें फिटेड शर्ट्स, ट्राउजर और स्कर्ट के साथ पहनने के लिए हैं बेस्ट

अगर आप भी अपने ऑफिस लुक को डिफरेंट और खास बनाने के लिए एक से एक खूबसूरत आउटफिट पहनकर जाती हैं, तो अब आप कुछ लेटेस्ट और डिजाइनर फिटेड शर्ट शामिल कर अपने ऑफिस लुक को बेहतर और अट्रैक्टिव बना सकती हैं।

अधिकतर वर्किंग वूमंस जो रोजाना कामकाज के लिए अपने ऑफिस या वर्कप्लेस पर जाती हैं। वह अक्सर क्या पहने इस चीज को लेकर हमेशा कंफ्यूज रहती हैं। ऐसे में अगर आप भी वर्किंग वुमन है और अपने लिए आउटफिट की तलाश में है, तो अब आप कुछ लेटेस्ट और नए डिजाइन वाले ट्रेंडी फिटेड शर्ट को शामिल कर सकती हैं। आइए जानते हैं इन शर्ट डिजाइन के बारे में।

### टाइट स्किनी फिट कैज़ुअल शर्ट

अगर आप भी अपने वर्कप्लेस वाले लुक को स्टाइलिश और डिफरेंट बनाने का सोच रही हैं और इसके लिए नए आउटफिट की तलाश में है, तो अब आप ब्लैक कलर की पेंट



के साथ इस तरह के टाइट स्किनी फिट कैजुअल शर्ट को पहनकर अपने पूरे लुक को स्टाइलिश और गॉर्जियस बना सकती हैं। ऐसे शर्ट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे और डिफरेंट लुक देंगे।

### व्हाइट स्लिम फिट कैजुअल शर्ट

यही नहीं आप चाहें, तो भीड़ से हटकर लुक पाने के लिए और ऑफिस में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरने के लिए इस तरह के व्हाइट स्लिम फिट कैज़ुअल शर्ट को भी पहनकर जा सकती हैं। ऐसे शर्ट को आप लॉन्ग स्कर्ट के साथ भी पेयर कर सकती हैं या ट्राउजर के साथ भी यह खूब जचेगा। इसे आप नजदीकी बाजार में कपडे की दूकान से खरीद सकती हैं।

### लाइट ग्रीन मल्टी स्ट्राइप वाली कैजुअल शर्ट

अगर आपको शर्ट पैंट पहनने का बहुत शौक है और आप अपने ऑफिस में एक से एक शर्ट पहनकर जाती हैं, तो अब आप अपने शर्ट वाले कलेक्शन में इस खूबसूरत लाइट ग्रीन मल्टी स्ट्राइप वाली कैजुअल शर्ट को भी शामिल कर सकती हैं। ऐसे शर्ट के डिजाइन महिलाओं की पहली पसंद बने हुए हैं, जो आपके लिए भी परफेक्ट हो सकते हैं।

### ब्लू स्ट्राइप क्नॉट पैटर्न शर्ट

